# सांध्य ज्योति दर्पण

www.sandhyajyotidarpan.com

वर्ष 37 | अंक 135 | जयपुर, बुधवार, 26 मार्च, 2025 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य : 2 रु.


सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन

मुख्य अतिथि

## श्री भजनलाल शर्मा

माननीय मुख्यमंत्री

दिनांक - **26 मार्च, 2025** | समय - **प्रातः 10:30 बजे**

स्थान - **स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर**

30 हजार किसानों को
137 करोड़ रुपए अनुदान की स्वीकृति

किसान उत्पादक संगठन
(एफपीओ) के मेले का शुभारम्भ

### योजनाओं के दिशा निर्देश

पॉली हाउस, सौर पम्प, कृषि उपकरण, प्याज भण्डारण, मधुमक्खी पालन इत्यादि हेतु 12 योजनाएं

बैल से खेती प्रोत्साहित करने हेतु योजना

किसान सम्मान निधि की राशि में 1,000 रुपए की वृद्धि

मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी

पशुधन स्वास्थ्य हेतु निःशुल्क औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200

मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम

**सशक्त किसान - समृद्ध राजस्थान**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

# नारी का सम्मान देश-प्रदेश के विकास की पहली सीढ़ी : मुख्यमंत्री

**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 26 मार्च।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे देश और प्रदेश का इतिहास वीरता और त्याग से भरा हुआ है। कालीबाई भील, रानी पद्मिनी, मीराबाई, पन्नाधाय और अमृता देवी जैसी महान महिलाओं ने अपनी शक्ति, सामर्थ्य और दृढ़ संकल्प से अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। परिवार की नींव मजबूत करने वाली महिलाएं हमारे समाज की धुरी हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है और आधी आबादी को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रही है।

शर्मा मंगलवार को बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में राजस्थान दिवस समारोह के तहत आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को नारायणी का दर्जा प्राप्त है। नारी का सम्मान समाज और देश-प्रदेश के विकास की पहली सीढ़ी है, इसीलिए राजस्थान दिवस समारोह का पहला कार्यक्रम हमने मातृशक्ति को समर्पित किया है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि महिलाओं के उत्थान के बिना देश और प्रदेश की प्रगति संभव नहीं है, इसलिए उन्होंने माता बहनों को केंद्र में रखते हुए विकास योजनाएं बनाई है।



इस दौरान पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, उद्योग राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई, विधायक श्रीचंद कृपलानी, आदूराम मेघवाल, हमीर सिंह, प्रियंका चौधरी, अरूण चौधरी, छोटूसिंह भाटी, प्रतापपुरी, रविन्द्र सिंह भाटी, प्रभारी सचिव सुबीर कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग शासन सचिव डॉ. महेंद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### आधी आबादी को दी बड़ी सौगातें

मुख्यमंत्री ने महिला सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं की चयनित लाभार्थियों से संवाद किया और योजनान्तर्गत देय सहायता से लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए। महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की आजीविका संवर्धन निधि का हस्तान्तरण और 5 हजार महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण किया गया। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस के अंतर्गत 164 छात्राओं को चयन पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली के बीकानेर हाउस में राजीविका मेला शुरू किया गया है। शर्मा ने गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अन्तर्गत 31 हजार 790 बालिकाओं को 13.16 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। राजकीय महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने बर्तन बैंक योजना और सोलर दीदी के दिशा-निर्देश भी जारी किए।

### प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए किए बड़े निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है। तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर मुस्लिम बहनों का जीवन भी तबाह होने से बचाया है। स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला सिलेंडर तथा जल जीवन मिशन के जरिए गांव-गांव में नल से जल पहुंचाकर प्रधानमंत्री ने महिलाओं को बड़ी राहत दी है।

### 200 करोड़ की राशि का हस्तांतरण

श्री शर्मा ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए हमने सरकार बनते ही सबसे पहले एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया। बालिकाओं के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की। कार्यक्रम में 30 हजार लाभार्थियों को 7.50 करोड़ रूपये की सहायता प्रदान की गई। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रही है। आज हमने 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ की राशि का हस्तांतरण किया है।

## आरजीएचएस में गड़बड़ी तो निजी अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 26 मार्च।** राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) में गड़बड़ी करने वाले निजी अस्पतालों के खिलाफ वसूली, निलंबन एवं डी-एम्पैनलमेंट जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। वित्त सचिव नवीन जैन ने अनुमोदित निजी अस्पतालों को अनुचित पैकेज बुकिंग से बचने की नसीहत दी है। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे दावों में कई अनियमितताएं पाई गई हैं। कुछ निजी अस्पतालों द्वारा इस योजना में दस्तावेजों का एक से अधिक स्थानों पर उपयोग, ओपीडी को नियम विरूद्ध आईपीडी में परिवर्तित करना, अनावश्यक रूप से अधिक बिल तैयार करना तथा बिना आवश्यकता के अतिरिक्त जांचें करवा कर क्लेम राशि बढ़ाने जैसी गड़बड़ियाँ की जा रही हैं।

जैन ने मंगलवार को इस संबंध में वीसी के माध्यम से निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों से संवाद कर आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्त विभाग द्वारा आरजीएचएस की मॉनिटरिंग के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विशेष ऑडिट सेल का गठन किया गया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर कई अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। वीसी वीडियो में पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से बताया गया कि अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे दावों में कई अनियमितताएँ पाई जा रही हैं। अस्पतालों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि जो अस्पताल बार-बार मामूली गलती के नाम पर गलत क्लेम प्रस्तुत कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जैन ने कहा कि निजी अस्पताल हाल ही में इस योजना से निलंबित किए गए अस्पतालों द्वारा की गई गलतियों से सीख लें जिससे इस तरह की गड़बड़ियों पर अंकुश लगाया जा सके।

## हैल्प लाइन

**अग्निशमन केंद्र**

| | |
|---|---|
| फायर स्टेशन | 101 |
| बनीपार्क | 2201898 |
| बाइस गोदाम | 2211258 |
| घाटगेट | 2615550 |
| वीकेआई क्षेत्र | 2332573 |
| एमआई रोड | 2375925 |

**ट्यूरिस्ट पैलेस**

| | |
|---|---|
| आमेर किला | 2530293 |
| बिड़ला तारामंडल | 2385367 |
| सिटी प्लैस | 2608055 |
| हवामहल | 2618862 |
| जंतर-मंतर | 2610494 |
| जयगढ़ किला | 2671848 |
| अल्बर्ट हॉल (संग्रहालय) | 2565124 |
| सिसोदिया गार्डन | 2680494 |
| चिड़िया घर | 2617319 |
| साइंस पार्क | 2304654 |

**पुलिस**

| | |
|---|---|
| पुलिस | 100 |
| कंट्रोल रूम (जयपुर) | 2388435-38 |
| ग्रामीण | 2209741 |
| यातायात | 2565630 |

**दुर्घटना सेल**

| | |
|---|---|
| पूर्व | 2703992 |
| पश्चिम | 2209040 |
| उत्तर | 2609719 |
| दक्षिण | 2372992 |

**सांस्कृतिक केन्द्र**

| | |
|---|---|
| बिड़ला ऑडिटोरियम | 2385224 |
| जवाहर कला केन्द | 2706503 |
| रवीन्द्र मंच | 2619061 |

## मुख्यमंत्री ने किया राजस्थानी उद्यमियों के साथ संवाद

**सांध्यज्योति संवाददाता**



**जयपुर, 26 मार्च।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से देश-विदेश में राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा , 30 मार्च को हर्ष और उल्लास से मनाने का आह्वान किया है। शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थानी उद्यमियों के साथ संवाद में कहा कि हमने सनातन संस्कृति को सम्मान देते हुए इस बार से राजस्थान दिवस अंग्रेजी कलैण्डर के स्थान पर भारतीय पंचाग की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर सप्ताहभर (25 से 31 मार्च) प्रदेश में कई आयोजन कर विभिन्न वर्गों को सौगात दे रही है। राजस्थान दिवस पर देवस्थान विभाग के अधीन मंदिरों में विशेष आरती का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने उद्यमियों से प्रवासी राजस्थानियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर देश के अन्य राज्यों एवं विदेश के कई शहरों में राजस्थान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया। बैठक में उद्यमियों ने राजस्थान दिवस के संबंध में मुख्यमंत्री को सुझाव प्रस्तुत किए और उन्हें वृहद् स्तर पर इस तरह का ऐतिहासिक आयोजन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, राजस्थान फाउंडेशन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा सहित संबंधित अधिकारीगण एवं राजस्थानी उद्यमी उपस्थित रहे।

## गर्मी में दवा और उपचार व्यवस्था में नहीं रहे कोई कमी: खींवसर



**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 26 मार्च।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि आगामी गर्मी को देखते हुए प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा एवं उपचार के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी जिलों में गर्मी के दृष्टिगत समुचित व्यवस्थाएं हों। सब सेंटर से लेकर जिला अस्पताल तक एवं मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में दवाओं और उपचार की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे। खींवसर ने विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि दुर्घटना में होने वाली मौतें चिंता का विषय है। परिवहन एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर अधिक दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां एम्बुलेंस वाहनों की प्राथमिकता से उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने मा योजना में इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी जल्द से जल्द लागू किए जाने एवं नए पैकेज भी शीघ्र शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार, मिशन निदेशक एनएचएम भारती दीक्षित, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि राज्य स्तर के साथ ही संभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट के लिए जाएं।

## देवनानी ने उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

**जयपुर, 26 मार्च।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने एक दिवसीय दिल्ली यात्रा के दौरान संसद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने 'राजस्थान विधान सभा में माननीय अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के नवाचारों का एक वर्ष' की प्रति उपराष्ट्रपति को भेंट की। उपराष्ट्रपति ने नवाचारों की सराहना की और अन्य विधानसभाओं के लिए इन नवाचारों को प्रेरणास्त्रोत बताया। देवनानी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। उन्होंने बिरला से संसदीय प्रणाली और लोकतान्त्रिक मूल्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा की।

## पर्यटन, शिक्षा और कौशल विकास से होगी आर्थिक समृद्धिः राज्यपाल

**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 26 मार्च।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पर्यटन आर्थिक विकास का उत्प्रेरक है। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में पर्यटन एक अभिन्न अंग के रूप में सदियों से विद्यमान रहा है। भारत में चारधाम यात्रा एवं अन्य धार्मिक यात्राओं की प्राचीन परंपरा रही है, जो लोगों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ती है।

राज्यपाल मंगलवार को कोटा विश्वविद्यालय के प्रथम औद्योगिक अकादमिक सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यटन और कौशल विकास साथ-साथ चलते हैं। यदि युवाओं को पर्यटन उद्योग से जोड़ते हुए उन्हें आवश्यक कौशल प्रदान किया जाए, तो इससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने होटल उद्योग, टूर गाइड, इको-टूरिज्म और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।




उन्होंने भारतीय स्थापत्य कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय मंदिरों और ऐतिहासिक धरोहरों की नक्काशी और विशिष्ट कलाकृतियों के कारण वे आज वैश्विक पहचान बना चुके हैं। सिंगापुर जैसे देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह पर्यटन पर निर्भर है। भारत में भी पर्यटन को इसी दृष्टि से विकसित किया जा सकता है। कोटा शहर चंबल नदी के किनारे स्थित होने के कारण प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व रखता है। कोटा में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की अपार संभावनाएं हैं।

राज्यपाल ने राजस्थान के किलों, हवेलियों, मंदिरों, वन्यजीव अभयारण्यों और पारिस्थितिकी तंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान देश और विदेश के पर्यटकों के लिए हमेशा आकर्षण का केन्द्र रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन एक ऐसा उद्योग है जो अन्य छोटे व्यवसायों को भी प्रोत्साहित करता है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है।

मुख्य वक्ता हिमाचल प्रदेश की सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अतिथि देवो भव की अवधारणा प्राचीन काल से चली आ रही है। भारत में हमेशा से ही लोगों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण होता आया है, जिसका उल्लेख वेदों और रामायण-महाभारत में भी मिलता है। सम्मेलन में पर्यटन से जुड़े छात्रों के साथ शिक्षा ,पर्यटन एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

**तकनीकी विश्वविद्यालय का दीक्षांत भी संबोधित किया :** राज्यपाल एवं कुलाधिपति बागडे ने कोटा में ही राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के चतुर्दश दीक्षांत समारोह को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करे, ऐसे हमारे प्रयास होने चाहिए। वर्तमान युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट आफ थिंग्स और रोबोटिक्स जैसी तकनीकों का है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने ज्ञान का उपयोग केवल रोजगार प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि नवाचार और उद्यमिता के लिए भी करें। साथ ही, मानवीय मूल्यों के साथ प्रौद्योगिकी विकास के लिए आगे बढें। इस अवसर पर 9521 डिग्रियां, 1 कुलाधिपति एवं 1 कुलपति स्वर्ण पदक एवं 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 36 पीएचडी डिग्री प्रदान की गई।

## मुख्यमंत्री ने मेवाड़ को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 26 मार्च।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उदयपुर के सिटी पैलेस स्थित शंभु निवास पहुंचकर पूर्व राज परिवार के दिवंगत सदस्य अरविन्द सिंह मेवाड़ को श्रद्धासुमन अर्पित किए। शर्मा ने मेवाड़ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

## देवनानी ने केन्द्रीय मंत्री यादव के पिता को दी श्रद्धांजलि

**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 26 मार्च।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के पैतृक ग्राम जमालपुर पहुंचकर



उनके पिता स्वर्गीय कदम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। देवनानी ने सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को शक्ति प्रदान करने के लिये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर वन मंत्री संजय शर्मा और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत भी मौजूद थे।

## पक्षियों के लिए परिंडे बांधे



**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 26 मार्च।** मेरा अधिकार संस्था की ओर से अजमेर रोड स्थित अचरोई बावड़ी में पक्षियों के लिए परिंडे बांध गए। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश शर्मा, विशिष्ट अतिथि फिल्म बाल कलाकार सौरभ शर्मा ने पेड़ों पर परिंडे बांधकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजक सुनील जैन ने कहा कि पशु पक्षियों की सेवा को सभी धर्म और समुदाय ने परमार्थ और मोक्ष का मार्ग बताया गया है। ओम प्रकाश शर्मा बताया कि तेज गर्मी में पक्षी पानी के लिए दर-दर भटकते हैं। इसलिए सभी को इनका ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर बाबूलाल शमा,ं चेतन कुमार कुमावत, अनवर भाई, मुन्ना भाई ,बाबू भाई एवं समस्त कॉलोनीबासी मौजूद रहे।

## 'गोपीचंद भर्तृहरि' का मंचन 29 को आमेर में

**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 26 मार्च।** परम्परा नाट्य समिति व अंबिकेश्वर महादेव तमाशा समिति द्वारा 'गोपीचंद भर्तृहरि' तमाशा का मंचन शनिवार दोपहर 1 बजे आमेर के अंबिकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में होगा। तमाशा के रचनाकार स्व. बंशीधर भट्ट द्वारा लिखित नाट्य का प्रदर्शन तमाशा साधक दिलीप भट्ट के निर्देशन में होगा। तमाशा शास्त्रीय रागों पर आधारित होगा। इसमें भाग लेने वाले कलाकार दिलीप भट्ट , सचिन भट्ट, ईश्वर दत्त माथुर, हर्ष भट्ट, कुमकुम भट्ट, जीवितेश शर्मा, संगत कारों में तबले पर शैलेंद्र शर्मा, सारंगी पर मनोहर टांक, और हारमोनियम पर शेर मोहम्मद, और गिर्राज बालोदिया करेंगे।

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई में 5 मशीनों सहित 14 वाहन जब्त

**सांध्यज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 26 मार्च।** माइन्स विभाग की जयपुर टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बस्सी तहसील के हरड़ी हरध्यानपुरा, दयारामपुरा में 3 एक्सक्वेटर मशीन, 1 डंपर, 2 कम्प्रेशर व 8 ट्रेक्टर ट्राली सहित 14 वाहन मशीनरी जब्त कर संबंधित पुलिस थाना में सुपुर्द किया है। खनि अभियंता जयपुर श्याम कापड़ी ने बताया कि अवैध खनन कर्ताओं को कार्रवाई की किसी तरह भनक नहीं लग सके इसी को ध्यान में रखते हुए निजी कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा निजी वाहनों का उपयोग किया और इसी का परिणाम रहा कि तड़के अवैध खनन के खिलाफ इतनी बड़ी कार्रवाई संभव हो सकी। बस्सी तहसील के हरध्यानपुरा, दयारामपुरा में अवैध खनन करते 3 एक्सक्वेटर मशीन, ब्लास्टिंग के उपयोग के लिए प्रयुक्त होने वाले 2 कंप्रेशर मशीन, एक डंपर और 8 ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त कर पुलिस थाना बस्सी को सुपुर्द की गई।



## आज का राशिफल

बुधवार, 26 मार्च, 2025

- **मेष :** किसी खास कार्य को लेकर किए गए प्रयासों में बेहतरीन सफलता मिलने वाली है। सिर्फ कोई भी निर्णय लेने से पहले उचित विचार-विमर्श अवश्य कर लें। कहीं फंसा हुआ पैसा मिल जाने से घर की देखरेख संबंधी गतिविधियां शुरू होंगी।
- **वृष :** ग्रह स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। पिछले कुछ समय से बनाई गई योजनाओं को क्रियान्वित करने का अनुकूल समय आ गया है। आप थकान और तनाव से राहत पाने के लिए आराम और मनोरंजन के मूड में रहेंगे।
- **मिथुन :** अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें तथा आगे बढ़े। आपको कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहजता महसूस होगी। पिछले कुछ समय से चल रहे कार्य संपन्न होंगे और अपना समय आराम और कलात्मक संबंधी कार्यों में व्यतीत करेंगे।
- **कर्क :** दिनचर्या में नयापन लाने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों पर भी समय व्यतीत करें। इससे मन प्रफुल्लित रहेगा। नए नए संपर्क बनेंगे और इनके मार्गदर्शन से आर्थिक समस्या भी दूर होगी। परिवार में कोई मांगलिक आयोजन की योजना बन सकती हैं।
- **सिंह :** अपने कार्यों को नियत समय पर करने का लिया गया संकल्प पूरा करने में सक्षम होंगे। किसी संबंधी अथवा मित्र के साथ चल रही गलतफहमियां दूर होगी तथा संबंध पुन: मधुर हो जाएंगे।
- **कन्या :** आज कोई रुकी हुई पेमेंट मिल सकती है, इसलिए प्रयासरत रहें। किसी पारिवारिक समस्या को दूर करने के लिए किया गया आपका प्रयास कामयाब रहेगा। अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन और सलाह पर अमल करना फायदेमंद रहेगा।
- **तुला :** नई योजनाएं बनाने तथा उन्हें क्रियान्वित करने का अनुकूल समय है। सिर्फ चुनौतियों से घबराने की बजाय उनका मुकाबला करें। इससे सफलता के मार्ग भी खुलेंगे। रचनात्मक और धार्मिक क्रियाकलापों के प्रति रुझान रहेगा। किसी मित्र के साथ मुलाकात सकारात्मक साबित होगी।
- **वृश्चिक :** किसी संबंधी के माध्यम से अथवा फोन द्वारा कोई खास सूचना मिलेगी। मानसिक रूप से बहुत अधिक सुकून का अनुभव करेंगे। समझदारी से किया गया धन का विनिमय आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बच्चों का ध्यान अपनी पढ़ाई पर फोकस रहेगा।
- **धनु :** दिन का कुछ समय आध्यात्मिक अथवा धार्मिक गतिविधियों में व्यतीत होगा, जिससे आप सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे। संतान के करियर से संबंधित किसी समस्या का भी हल जरूर निकलेगा।
- **मकर :** आज कोई पारिवारिक मसला हल होने से व्यवस्था ठीक हो जाएगी। सामाजिक व धार्मिक क्रियाकलापों में समय व्यतीत करने से आपको मानसिक सुकून और शांति मिलेगी। प्रॉपर्टी के लेनदेन संबंधी गतिविधियां भी आगे बढ़ेंगी।
- **कुंभ :** आप घर की साज-सज्जा व रचनात्मक कार्य में अपने आप को व्यस्त रखेंगे। घर के रखरखाव संबंधी सामान की ऑनलाइन शॉपिंग में भी समय व्यतीत होगा। विद्यार्थियों को करियर संबंधी कोई शुभ सूचना मिल सकती हैं।
- **मीनः** आर्थिक गतिविधियां सुधरेंगी। आपके सभी काम सुचारू रूप से संपन्न होते जाएंगे। किसी राजनीतिक व्यक्ति की भी सहायता मिलेगी।



वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.sandhyajyotidarpan.com

वर्ष 37 | अंक 135 | जयपुर, बुधवार, 26 मार्च, 2025 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य : 2 रु.

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥



उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां, कोटा, बीकानेर, सवाईमाधोपुर, टोंक, सीकर, झुंझुनूं, दौसा, अजमेर, रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, लक्ष्मणगढ़, चौमूं व कुचामनसिटी में प्रसारित।



पेज-5 आज भिड़ेंगे सैमसन के...

गणगौर पूजा पर करें राजस्थानी... पेज-6


# झारखंड में सांप्रदायिक हिंसा भड़की, पुलिस ने की फायरिंग

## मंगला जुलूस में सांप्रदायिक गाना बजाने पर बिगड़ा मामला

**रांची, 26 मार्च (एजेन्सी)।** झारखंड के हजारीबाग में दो गुटों में झड़प हो गई है। मंगला जुलूस के दौरान सांप्रदायिक गाना बजाने को लेकर जमकर पत्थरबाजी हुई। पथराव हजारीबाग के जामा मस्जिद चौक के पास किया गया जहां स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसके बाद पुलिस को चार राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी जिससे भीड़ तितर-बितर हुई। घटना रात 11 बजे की है और फिलहाल हालात काबू में हैं। हजारीबाग में रामनवमी के पूर्व हर मंगलवार को मंगला जुलूस निकाला जाता है। होली के बाद दूसरे मंगलवार को भी मंगला जुलूस निकाला गया जिसमें हजारीबाग के विभिन्न अखाड़ा धारी अपने-अपने जुलूस को लेकर जिले के विभिन्न चौक चौराहे से गुजर रहे थे। इसी बीच कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया। पथराव हजारीबाग के जामा मस्जिद चौक के समीप किया गया जहां स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस को चार राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी।



### दोनों समुदाय के लोगों को समझाने में लगी पुलिस

**पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाठीचार्ज की और चार राउंड हवाई फायरिंग की तब जाकर भीड़ तितर-बितर हुई। घटनास्थल पर पुलिस और हजारीबाग के वरीय पदाधिकारी कैंप किए हुए है। स्थिति अभी नियंत्रण में है। दोनों समुदाय के लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।**

### गिरिडीह में होली के दिन हुई थी हिंसा

**इससे पहले झारखंड के गिरिडीह जिले के घोड़थम्भा में 14 मार्च को होली के दिन हुई हिंसा हुई थी। इसे लेकर सियासत अभी भी जारी है। विपक्ष ने इस घटना को दुखद बताते हुए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है और कहा था कि यह राज्य सरकार की लापरवाही का परिणाम है। साथ ही पुलिस बल की तैनाती नहीं करने का भी आरोप लगाया था।**

## आया राम-गया राम में महाराष्ट्र सबसे आगे

नई दिल्ली, 26 मार्च (एजेन्सी)। तेलंगाना के दलबदलु नेताओं की अयोग्यता से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के नेताओं पर भी तंज कस दिया। कोर्ट ने पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र में हुई राजनीतिक उलटफेरों की ओर इशारा करते हुए कहा कि आया राम-गया राम में महाराष्ट्र ने अन्य सभी राज्यों को पीछे छोड़ दिया। जस्टिस भूषण आर गवई और एजी मसीह की बेंच तेलंगाना में कांग्रेस में शामिल होने वाले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के तीन विधायकों की अयोग्यता से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची जिसका उद्देश्य राजनीतिक दलबदल को रोकना है, वह निरर्थक हो रही है क्योंकि दल बदलने वाले विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली याचिकाओं पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। बेंच ने कहा कि आया राम-गया राम, मेरे भाई (जस्टिस मसीह) के राज्य (पंजाब और हरियाणा) से शुरू हुआ लेकिन हाल के वर्षों में महाराष्ट्र ने इस मामले में सभी राज्यों को पीछे छोड़ दिया।

# अन्नदाता का सम्मान सरकार का है प्लान

## सीएम ने कई योजनाओं की घोषणा की



सांध्य ज्योति संवाददाता

**जयपुर, 26 मार्च।** राज्य के किसानों को सरकार ने कई सौगात दी है। बीकानेर में आयोजित किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों के लिए कई योजनाओं की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान राशि में 1000 रुपए की बढोतरी की घोषणा। उन्होंने किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) मेले का उदघाटन करने के साथ 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपए का अनुदान हस्तान्तरण भी किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए और मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा भी बढ़ा दिया। पशुधन नि:शुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जा रहे औषधियों और टीकों की संख्या 138 से बढाकर 200 करने के साथ ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाए जाने पर 30 हजार की प्रोत्साहन राशि के दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। इस मौके पर सीएम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित के लिए कई कदम उठा रही है। केन्द्र सरकार की मदद से इनके लिए कई योजनाएं चलाई जी रही है। आगे भी किसानों के हित वाली योजनाएं अमल लाई जाती रहेगी।

### अन्त्योदय कल्याण समारोह कल

**राजस्थान दिवस उत्सव की कड़ी में 27 मार्च को भरतपुर में आयोजित होने वाले अन्त्योदय कल्याण समारोह में पुलिस विभाग के 100 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाना, पावर ड्रिवन व्हील चेयर वितरण, दिव्यांगजनों को असिस्टिव डिवाइस वितरण, लगभग 91 हजार निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपए का हस्तान्तरण, डांग, मगरा और मेवात में 300 करोड़ रुपए की राशि का हस्तान्तरण, ई वर्क पोर्टल एवं ई वर्क मोबाईल ऐप लॉन्चिंग, स्वामित्व योजना के तहत 3हजार पट्टा वितरण, 311 लोगों को डेयरी बूथ अलॉटमेंट, माटीकला बोर्ड द्वारा लगभग 50 लाभान्वितों को विद्युत चालित चाक का वितरण और दिव्यांगों के लिए समान अवसर नीति का विमोचन किया जाएगा।**

### विकास और सुशासन उत्सव 29 को

**इसी क्रम में 28 मार्च को भीलवाड़ा में विकास एवं सुशासन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें यूडीएच-एलएसजी द्वारा डेलीगेशन के ऑर्डर जारी करना, अन्नपूर्णा भण्डार के दिशा-निर्देश, हरित अरावली विकास परियोजना के निर्देश, राजस्थान सर्कुलर इकॉनॉमी इन्सेन्टिव स्कीम के दिशा-निर्देश, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना के दिशा-निर्देश और सब रजिस्ट्रार ऑफिस का समय सप्ताह में दो दिन सवेरे 8 से रात्रि 8 बजे तक करने के दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक जिले की पंच गौरव बुकलैट का विमोचन, 3317 करोड रूपए के कार्यों का शिलान्यास एवं 2088 करोड रूपए के कार्यों का लोकार्पण, पत्रकारों के हैल्थ कवरेज योजना का विमोचन, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण के आदेश, ई गर्वनेन्स अवार्ड, नवगठित जिलों में डीएमएफटी के गठन के आदेश, राजस्थान सम्पर्क 2.0 पोर्टल का शुभारम्भ और चिकित्सा ऐप भी लॉन्च किया जाएगा।**

# भगौड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी बेल्यिजम में

## वहां की सरकार ने भी कर लिया स्वीकार



**नई दिल्ली, 26 मार्च (एजेन्सी)।** पंजाब नेशनल बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में भगोड़ा हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी वर्तमान में बेल्जियम में है। यूरोप के इस देश ने इस बात की पुष्टि की है। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वे मेहुल चोकसी की अपने देश में उपस्थिति से अवगत हैं और इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि बेल्जियम की ओर से यह भी कहा गया है कि वे किसी भी व्यक्तिगत मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। एक अन्य न्यूज वेबसाइट एसोसिएट टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में यह भी बताया है कि भारतीय अधिकारियों ने मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए अपने बेल्जियम के समकक्ष ऑफिशियल्स से संपर्क किया है। 65 वर्षीय चोकसी अपने भतीजे नीरव मोदी के साथ पंजाब नेशनल बैंक में 13500 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में आरोपी हैं। दोनों ही लंबे समय से देश से बाहर हैं। चोकसी अपनी पत्नी प्रीति के साथ एंटवर्प में रह रहा है। प्रीति चोकसी के पास बेल्जियम की नागरिकता है। कई रिपोर्ट्स में सामने आया है कि चोकसी के पास बेल्जियम में एफरेजीडेंसी कार्ड है। वह इलाज के लिए एंटीगुआ और बारबुडा से बेल्जियम आया है।

### 2018 में भारत से भागा था मेहुल

**मेहुल चोकसी अपने भतीजे नीरव मोदी के साथ जनवरी, 2018 में भारत से भाग गया था। पंजाब नेशनल बैंक में लोन धोखाधड़ी का मामला सामने आने के पहले ही इन दोनों ने देश छोड़ दिया था। यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा बैंक घोटाला था।**

## हिंदू सुरक्षित हैं तो मुस्लिम सुरक्षित रहेंगे

**लखनऊ, 26 मार्च (एजेन्सी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया कि राज्य में सभी धर्मों के लोग सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि एक योगी के रूप में वह सभी की खुशी की कामना करते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एएनआई से बात करते हुए कहा कि अगर हिंदू सुरक्षित हैं तो उनके राज्य में मुसलमान भी सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सौ हिंदू परिवारों के बीच एक मुस्लिम परिवार सुरक्षित महसूस करेगा। हालांकि उन्होंने सौ मुस्लिम परिवारों के बीच 50 हिंदू परिवारों के सुरक्षित होने की संभावना पर सवाल उठाया। योगी ने कहा, सौ हिंदू परिवारों के बीच एक मुस्लिम परिवार सबसे सुरक्षित है। उन्हें अपने सभी धार्मिक कार्यों का पालन करने की स्वतंत्रता होगी लेकिन क्या 100 मुस्लिम परिवारों के बीच 50 हिंदू सुरक्षित हो सकते हैं, नहीं। बांग्लादेश इसका उदाहरण है। इससे पहले पाकिस्तान इसका उदाहरण था। अफगानिस्तान में क्या हुआ, अगर धुआं है या किसी को चोट लग रही है तो हमें इससे पहले ही सावधान हो जाना चाहिए।

# अब चुनाव प्रणाली में बदलाव की तैयारी में डोनाल्ड ट्रंप

## मतदान नियमों में किया जाएगा संशोधन



**वाशिंगटन, 26 मार्च (एजेन्सी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश की चुनाव प्रणाली में व्यापक बदलाव की तैयारी कर ली है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर कर आगे की कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त किया है। अब संघीय चुनावों में मतदान के लिए नागरिकता के दस्तावेजी प्रमाण के बिना पंजीकरण संभव नहीं होगा। डाक से मतदान के नियमों में भी संशोधन किया जाएगा। ट्रंप के नए कार्यकारी आदेश के अनुसार केवल चुनाव के दिन तक प्राप्त होने वाले मतपत्रों को ही गिनती में शामिल किया जाएगा। अपने ताजा आदेश में ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका अब तक बुनियादी और आवश्यक चुनाव सुरक्षा लागू करने में विफल रहा है।

### संघीय मदद रोकने की चेतावनी

**नए कार्यकारी आदेश जारी होने के बाद ट्रंप प्रशासन ने राज्यों से मतदाता सूचियों को साझा करने और चुनाव अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए संघीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया है। सहयोग न करने की स्थिति में संघीय वित्तीय मदद वापस लेने की चेतावनी भी दी गई है। यदि राज्यों के चुनाव अधिकारी संघीय आदेशों का पालन नहीं करते तो उनके लिए संघीय वित्त पोषण रोका जा सकता है।**

### चुनावों में धांधली के आरोप

**ट्रंप को अपने हालिया फैसलों के कारण मताधिकार संगठनों के तीव्र विरोध और कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ट्रंप लंबे समय से यह दावा करते आ रहे हैं कि अमेरिका के चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। 2020 के चुनाव नतीजे आने से पहले ही उन्होंने डेमक्रेट प्रत्याशी जो बाइडन पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। चुनाव में मिली हार के बाद से ही ट्रंप मतदान से जुड़े कई कानूनों का खुलकर विरोध कर रहे हैं और बार-बार धोखाधड़ी के आरोप लगा रहे हैं।**

# सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

सांध्य ज्योति संवाददाता

**जोधपुर, 26 मार्च। फलोदी जिले में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक मासूम सहित 2 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची शेरगढ़ थाना पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों के शवों को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया दिया है। पुलिस के मुताबिक हादसा शेरगढ़ थाना क्षेत्र के चाबा गांव में मंगलवार रात करीब 10 बजे हुआ। कार सवार 5 लोग जैसलमेर से जोधपुर की तरफ जा रहे थे। तभी पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक बच्चा सहित दो लोग घायल हो गए जिनमें से एक को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अजय कुमार निवासी करणपुरा, हनुमानगढ़, गुणेशाराम चौधरी और उनकी पत्नी ममता चौधरी निवासी बरजासर, बीकानेर के रूप में हुई है। हादसे में कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। घायल गिरधारीराम निवासी डूंगरगढ़ बीकानेर और एक मासूम बच्चे को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन गिरधारीराम को गंभीर हालत में जोधपुर रेफर कर दिया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भाग छूटा।**



## कॉमेडियन कामरा को जिंदा जलाने की धमकी

**मुंबई, 26 मार्च (एजेन्सी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कॉमेडियन कुणाल कामरा की आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला तूल पकड़ रहा है। अब उनको इन्फलुएंसर फैजन अंसारी की की धमकी मिली है। फैजन अंसारी ने उनको जिंदा जलाने की धमकी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने कहा कि कुणाल कामरा ने बहुत गलत हरकत की है जिसके कारण पूरे महाराष्ट्र में खलबली मच गई है। उन्होंने ये भी कहा है, एकनाथ शिंदे की बेइज्जती हम किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, हम मुंबई में रहते हैं और मुंबई ने हमें बहुत कुछ दिया है लेकिन कामरा ने न केवल एकनाथ शिंदे बल्कि पूरे महाराष्ट्र, शिवसेना और यहां तक कि बालासाहेब ठाकरे का भी अपमान किया है।

# वसूली में राजस्थान के दो टोल टॉप-10 में

## शाजहांपुर टोल प्लाजा दूसरे तो ठिकरिया सातवें नंबर पर

सांध्य ज्योति संवाददाता

**जयपुर, 26 मार्च।** राष्ट्रीय राजमार्गों बने टोल से करोड़ों रुपए की कमाई हो रही है। इसमें राजस्थान का भी बड़ा योगदान है। टोल वसूली में देश के टॉप 10 टोल प्लाजा में दो राजस्थान के हैं। इनमें जयपुर-दिल्ली के बीच शाहजहांपुर टोल प्लाजा टोल वसलू के मामले में दूसरे नंबर पर है जबकि सातवें नंबर पर जयपुर-अजमेर के बीच बना ठिकरिया टोल प्लाजा है। शाहजहांपुर टोल प्लाजा पर बीते पांच साल में 1884.46 करोड़ रुपए का टैक्स एकत्र किया गया जबकि ठिकरिया टोल प्लाजा 1161.19 करोड़ रुपए टोल के रूप में वसूले गए।



शाहजहांपुर टोल प्लाजा



ठिकरया टोल प्लाजा

### सबसे कमाऊ टोल

गुजरात के एनएच-48 के वडोदरा-भरूच हिस्से पर लगा भरथना प्लाजा देश का सबसे कमाऊ प्लाजा है। इसने पिछले पांच सालों में 2 हजार करोड़ से ज्यादा का टैक्स वसूला है। इसमें सबसे ज्यादा टोल कलेक्शन वित्तीय वर्ष 23.24 में हुआ जब प्लाजा ने 472.65 करोड़ रुपए वसूले। कमाऊ टोल प्लाजा की लिस्ट में पश्चिम बंगाल के एनएच 16 के धनकुनी खड़गपुर खंड पर स्थित जलाधुलागोरी प्लाजा तीसरे नंबर पर आता है। इस प्लाजा ने इन पांच सालों में 1500 करोड़ से ज्यादा का टोल एकत्र किया है। देश के चौथे सबसे कमाऊ टोल प्लाजा के रूप में श्रीनगर को कन्याकुमारी से जोड़ने वाले एनएच 44 के पानीपत-जालंधर खंड पर स्थित घरौंदा टोल प्लाजा का नाम आता है। पिछले पांच सालों में इसका कुल राजस्व 1300 करोड़ रुपए से ज्यादा का है। इसके बाद गुजरात में एनएच 48 के भरूच-सूरत खंड पर चोर्यासी, तमिलनाडु में एनएच 44 के कृष्णागिरी थुंबीपदी खंड पर एलएंडटी कृष्णगिरी थोपुर, उत्तर प्रदेश में एनएच 25 के कानपुर-अयोध्या खंड में नवाबगंज और बिहार में एनएच 2 के वाराणसी-औरंगाबाद खंड पर सासाराम हैं।

### पांच साल में इतना टोल एकत्र

सरकार के मुताबिक इन सभी दस टोल प्लाजा ने मिलकर पिछले 5 सालों में 1 लाख 39 हजार 88.51 करोड़ का टैक्स इकट्ठा किया है। यह रकम देश भर से किए गए टोल कलेक्शन का सात फीसदी है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार अभी देश भर में 1063 टोल प्लाजा हैं। इनमें से 457 टोल प्लाजा का निर्माण पिछले पांच सालों में किया गया है।

### देश के टॉप 10 टोल प्लाजा से हुई कमाई

- भर्थाना (गुजरात)- 2043.81 करोड़ रुपए
- शाहजहांपुर (राजस्थान)- 1884.46 करोड़ रुपए
- जलधुलागोरी (पश्चिम बंगाल)-1538.91 करोड़ रुपए
- बराजोड़ (उत्तर प्रदेश)- 1480.75 करोड़ रुपए
- घरौंडा (हरियाणा)- 1314.37 करोड़ रुपए
- चोरयासी (गुजरात)- 1272.57 करोड़ रुपए
- ठीकरिया, जयपुर (राजस्थान)-1161.19 करोड़ रुपए
- कृष्णागिरी थोपुर (तमिलनाडु)- 1124.18 करोड़ रुपए
- नवाबगंज (उत्तर प्रदेश)- 1096.91 करोड़ रुपए
- सासाराम (बिहार)- 1071.36 करोड़ रुपए।

# फिर पलटी मारेगा मौसम

सांध्य ज्योति संवाददाता

**जयपुर, 26 मार्च (एजेन्सी)।** प्रदेश में एक बार फिर मौसम करवट बदलने वाला है। प्रदेश में सक्रिय हुए नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई है। वहीं बुधवार जोधपुर और बीकानेर संभाग के कई जिलों में आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है। उधर मौसम विभाग ने आज से 28 मार्च तक प्रदेश के मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे कुछ इलाकों में मामूली बारिश के साथ तेज हवाओं का दौर देखने को मिल सकता है। इससे तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है।

### 48 घंटों में मौसम बदल सकता है

जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार राजस्थान की सीमावर्ती जिलों में बुधवार से मौसम परिवर्तन का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रदेश में बीती रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है जिससे प्रदेश के जोधपुर और बीकानेर संभाग में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ बादलों की आवाजाही देखने को मिल सकती है। साथ ही अगले 48 घंटे में प्रदेश के तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। हालांकि जोधपुर और बीकानेर संभाग को छोड़ प्रदेश के अन्य संभागों में मौसम साफ रहेगा। जहां तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है।

# पूर्व सीएम बघेल के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

## करीबियों पर भी कसा शिकंजा



**रायपुर, 26 मार्च (एजेन्सी)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर बुधवार की सुबह सीबीआई की टीम पहुंची है। माना जा रहा है कि अश्लील सीडी कांड को लेकर सीबीआई की ये कार्रवाई हुई है। इस केस में कोर्ट ने भूपेश बघेल को आरोपों से बरी कर दिया था लेकिन सीबीआई ने रिवीजन पिटिशन दायर की है जिस पर चार अप्रैल को सुनवाई होनी है। कहा ये भी जा रहा है कि महादेव सट्टा ऐप को लेकर भी सीबीआई की टीम उनके आवास पर पहुंची है। उनके करीबी विनोद वर्मा के घर भी रेड की खबर सामने आई है। इसके अलावा आईपीएस अधिकारी आरिफ शेख के घर भी सीबीआई की रेड पड़ी है। सीबीआई की टीम भिलाई और रायपुर निवास पर सुबह-सुबह पहुंची थी। इससे पहले ईडी की टीम ने दबिश दी थी। सीडी कांड मामले में सीबीआई ने रिवीजन पिटीशन दायर की थी। इस मामले में कोर्ट ने भूपेश बघेल को डिस्चार्ज किया था और 4 अप्रैल को रिवीजन पिटीशन की सुनवाई होनी है।

### सीबीआई के पास थी नई जानकारियां

**पिछली सुनवाई के दौरान सीबीआई ने याचिका दाखिल करते हुए दावा किया था कि मामले में साक्ष्य और गवाहों के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं इसलिए केस में दोबारा सुनवाई होनी चाहिए। विशेष अदालत ने सीबीआई की याचिका स्वीकार भी की तो हो सकता है कि पूर्व सीएम को भूपेश बघेल को अदालत में पेश होना पड़े। सीबीआई के पास नई जानकारी होने से ये उम्मीद लगाई जा रही है कि मामले में नई सुनवाई शुरू हो सकती है।**

## आज का दिन

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी, विक्रम सं. 2081, शक संवत् 1946, हिजरी 1446, तद्नुसार अंग्रेजी दिनांक 26 मार्च, सन् 2025 ईस्वी। वार- बुधवार, सूर्य-उत्तरायण, ऋतु-शिशिर

## सम्पादकीय

# बुलडोजर के जरिए कथित इंसाफ की कोशिश

**बुलडोजर** एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट को एक बार फिर तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी है। हैरत की बात है कि देश की शीर्ष अदालत के बार-बार कहने के बावजूद, महाराष्ट्र से लेकर यूपी तक बुलडोजर के जरिए कथित इंसाफ की कोशिश जारी है, जबकि कानून इसकी इजाजत नहीं देता। सुप्रीम कोर्ट ने जिस घटना पर कहा कि यह उसकी अंतरात्मा को झकझोर देने वाली है, वह प्रयागराज की है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि नोटिस देने के 24 घंटे के भीतर उनके मकान गिरा दिए गए। इसी तरह, महाराष्ट्र के मालवण में एक कबाड़ व्यापारी के घर पर बुलडोजर चलाने के मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय नगर परिषद को नोटिस जारी किया है। लेकिन सबसे ज्यादा चौकाती है नागपुर की घटना, जहां हाल में घटी हिंसा के आरोपियों के घर नगर निगम ने ध्वस्त करा दिए। हर जगह पुलिस-प्रशासन के काम करने का तरीका एक जैसा दिखता है। जिस भी मामले से बड़े जनसमुदाय की भावनाएं जुड़ी होती हैं, उनमें फटाफट आरोपियों की संपत्ति की नाप-जोख शुरू हो जाती है। एक दिन नोटिस जारी होता है और अगले दिन बुलडोजर पहुंच जाता है अपील करने तक का मौका नहीं दिया जाता, जो हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। नागपुर मामले में ही बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने आरोपियों की प्रॉपर्टी के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी, लेकिन जब तक आदेश आता, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। प्रशासन का तर्क है कि निर्माण अवैध था। लेकिन, क्या बिना उचित सुनवाई के कार्रवाई करना वैध है? जो अवैध निर्माण बरसों से खड़ा है, जिस पर किसी अथॉरिटी की नजर नहीं जाती, अचानक वह इतना खतरनाक हो जाता है कि आनन-फानन में बुलडोजर चलाना पड़ता है। ऐसी ही तेजी सारे अवैध निर्माणों के खिलाफ क्यों नहीं दिखती? और इससे भी बड़ा सवाल है कि इतना बड़ा अवैध निर्माण हो कैसे जाता है? सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2024 में कहा था कि दंडात्मक उपायों के रूप में बुलडोजर कार्रवाई असंवैधानिक है एक्शन से पहले नोटिस और सुनवाई का वक्त देना होगा सुप्रीम कोर्ट ने आदेश का उल्लंघन करने वाले अफसरों पर कार्रवाई तक की चेतावनी दी थी, लेकिन इसका असर होता नहीं दिख रहा और होगा भी क्यों, जब सरकारें खुद इसे प्रमोट करेंगी। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*सुप्रीम कोर्ट ने जिस घटना पर कहा कि यह उसकी अंतरात्मा को झकझोर देने वाली है, वह प्रयागराज की है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि नोटिस देने के 24 घंटे के भीतर उनके मकान गिरा दिए गए। इसी तरह, महाराष्ट्र के मालवण में एक कबाड़ व्यापारी के घर पर बुलडोजर चलाने के मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय नगर परिषद को नोटिस जारी किया है।*

## विदेशी अखबारों से

# दक्षिण कोरिया के जंगल में लगी आग ने मचाया कोहराम

**दक्षिण कोरिया** तीन तरफ से समुंदर से घिरा है। दक्षिण कोरिया के दक्षिणी भाग में सेंचियोंग नामक एक इलाका है। ये क्षेत्र गांजे की पत्तियों से अलग अलग प्रयोगों के लिए चर्चा में रहता है। मसलन पत्तियों से कपड़े बनाना या घरों की छत बनाने में करना। इसी सेंचियोंग नामक इलाके के जंगलों में आग लग गई। आग जल्द ही आसपास के इलाकों में भी पहुंची। अब तक इसमें जलकर चार लोगों की मौत हो चुकी है। कई घायल हैं। आग अब तक करीबन 16 हजार एकड़ में फैल चुकी है। करीब डेढ़ हजार लोग घर छोड़कर विस्थापित हो चुके हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन में 9 हजार से ज्यादा कर्मचारी और 100 से ज्यादा हेलीकॉप्टर लगे हैं। लेकिन तेज और सूखी हवाएं आग को बढ़ा रही हैं। योनहाप न्यूज ने बताया कि सप्ताहांत में दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में जंगल में लगी आग के फैलने के बाद कम से कम चार अग्निशामकों की मौत हो गई और 1,500 लोगों को निकाला गया, जिसके बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने आग पर काबू पाने के लिए 'पूरी ताकत से' प्रयास करने का आह्वान किया। सिम यूई-डेओक द्वारा इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई फुटेज में सैनचियोंग के पहाड़ों में आग जलती हुई दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय समाचार के अनुसार, सैनचियोंग में आग शुक्रवार को लगी और तब से 4,150 हेक्टेयर (10,250 एकड़) भूमि जल चुकी है। योनहाप ने कहा कि सैनचियोंग काउंटी में आग पर 70 प्रतिशत तक काबू पा लिया गया है।

## प्रेरक प्रसंग

# पाप का गुरु

**एक** समय की बात है। एक पंडित जी कई वर्षों तक काशी में शास्त्रों का अध्ययन करने के बाद गांव लौटे। पूरे गांव में शोहरत हुई कि काशी से शिक्षित होकर आए हैं और धर्म से जुड़े किसी भी पहेली को सुलझा सकते हैं। शोहरत सुनकर एक किसान उनके पास आया और उसने पूछ लिया- पंडित जी आप हमें यह बताइए कि पाप का गुरु कौन है? प्रश्न सुन कर पंडित जी चकरा गए, उन्होंने धर्म व आध्यात्मिक गुरु तो सुने थे, लेकिन पाप का भी गुरु होता है, यह उनकी समझ और ज्ञान के बाहर था। पंडित जी को लगा कि उनका अध्ययन अभी अधूरा रह गया है। वह फिर काशी लौटे। अनेक गुरुओं से मिले लेकिन उन्हें किसान के सवाल का जवाब नहीं मिला। अचानक एक दिन उनकी मुलाकात एक गणिका (वेश्या) से हो गई। उसने पंडित से परेशानी का कारण पूछा, तो उन्होंने अपनी समस्या बता दी। गणिका बोली- पंडित जी ! इसका उत्तर है तो बहुत सरल है, लेकिन उत्तर पाने के लिए आपको कुछ दिन मेरे पड़ोस में रहना होगा। पंडित जी इस ज्ञान के लिए ही तो भटक रहे थे। वह तुरंत तैयार हो गए। गणिका ने अपने पास ही उनके रहने की अलग से व्यवस्था कर दी। पंडित जी किसी के हाथ का बना खाना नहीं खाते थे। अपने नियम - आचार और धर्म परंपरा के कट्टर अनुयायी थे। गणिका के घर में रहकर अपने हाथ से खाना बनाते खाते कुछ दिन तो बड़े आराम से बीते, लेकिन सवाल का जवाब अभी नहीं मिला। वह उत्तर की प्रतीक्षा में रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बढ़ते कदम

**प्रहलाद सबनानी**

*संघ द्वारा स्थापित की गई शाखाओं की कार्यपद्धति पर आज विश्व के अन्य कई देशों में शोध कार्य किए जाने के बारे में सोचा जा रहा है कि किस प्रकार संघ द्वारा स्थापित इन शाखाओं से निकला हुआ स्वयंसेवक समाज परिवर्तन में अपनी महती भूमिका निभाने में सफल हो रहा है और पिछले लगातार 100 वर्षों से इस पावन कार्य में संलग्न है। हाल ही में, दिनांक 14 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक (44 दिन) प्रयागराज में लगातार चले एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए महाकुम्भ के मेले में पूरे विश्व से 66 करोड़ से अधिक हिंदू धर्मावलम्बियों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई।*

**दिनांक** 21 से 23 मार्च तक बंगलूरू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में दशहरा के पावन पर्व पर हुई थी, और इस प्रकार संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है एवं इस वर्ष दशहरा के शुभ अवसर पर ही अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लेगा। संघ की स्थापना विशेष रूप से भारतीय हिंदू समाज में राष्ट्रीयत्व का भाव जागृत करने एवं हिंदू समाज के बीच समरसता स्थापित करने के लक्ष्य को लेकर हुई थी। इन 100 वर्षों के अपने कार्यकाल में संघ ने हिंदू समाज को एकजुट करने में सफलता तो हासिल कर ही ली है साथ ही विशेष रूप से समाज की सज्जन शक्ति में राष्ट्रीयत्व का भाव पैदा करने में सफलता अर्जित की है। सज्जन शक्ति समाज की वह शक्ति है कि जिनकी बात समाज में गम्भीरता से सुनी जाती है एवं उस पर अमल करने का प्रयास भी होता है। संघ ने अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु शाखाओं की स्थापना की थी। इन शाखाओं में देश की युवा पीढ़ी में राष्ट्रीयत्व का भाव जगाकर ऐसे स्वयंसेवक तैयार किए जाते हैं जो समाज के बीच जाकर देश के आम नागरिकों में राष्ट्र भावना का संचार करते हैं एवं समाज के बीच समरसता का भाव पैदा करने का प्रयास करते हैं। संघ द्वारा स्थापित की गई शाखाओं की कार्यपद्धति पर आज विश्व के अन्य कई देशों में शोध कार्य किए जाने के बारे में सोचा जा रहा है कि किस प्रकार संघ द्वारा स्थापित इन शाखाओं से निकला हुआ स्वयंसेवक समाज परिवर्तन में अपनी महती भूमिका निभाने में सफल हो रहा है और पिछले लगातार 100 वर्षों से इस पावन कार्य में संलग्न है। हाल ही में, दिनांक 14 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक (44 दिन) प्रयागराज में लगातार चले एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए महाकुम्भ के मेले में पूरे विश्व से 66 करोड़ से अधिक हिंदू धर्मावलम्बियों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इतनी भारी संख्या में हिंदू समाज कभी भी किसी महान धार्मिक आयोजन में शामिल नहीं हुआ होगा और संभवत: पूरे विश्व में कभी भी इस तरह का आयोजन सम्पन्न नहीं हुआ होगा। इस महाकुम्भ में समस्त हिंदू समाज एकजुट दिखाई दिया, न किसी की जाति, न किसी का मत, न किसी के पंथ का पता चला। बस केवल सनातनी हिंदू हैं, यही भावना समस्त श्रद्धालुओं में दिखाई दी। इसी का प्रयास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से करता आ रहा है। संघ द्वारा आज न केवल भारतीय हिंदू समाज को एकता के सूत्र में पिरोए जाने का कार्य किया जा रहा है बल्कि पूरे विश्व में अन्य देशों में निवासरत भारतीय मूल के हिंदू समाज के नागरिकों को भी एक सूत्र में पिरोए जाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कार्य संघ के स्वयंसेवकों द्वारा संघ की शाखा में प्राप्त प्रशिक्षण के बाद सम्पन्न किया जाता है। संघ द्वारा संचालित शाखाओं की संख्या 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 के 73,117 से बढ़कर वर्ष 2025 में 83,129 हो गई है। इन शाखाओं के लगने वाले स्थानों की संख्या भी वर्ष 2024 में 45,600 से बढ़कर 51,710 हो गई है। विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना जगाने के उद्देश्य से विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी संयुक्त शाखाएं भी देश के विभिन्न भागों में लगाई जाती हैं। विद्यार्थी संयुक्त शाखाओं की संख्या 17 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 20224 में 28,409 से बढ़कर वर्ष 2025 में 33,129 हो गई हैं। इसी प्रकार महाविद्यालयीन छात्रों के लिए भी विशेष शाखाएं लगाई जाती हैं। महाविद्यालयीन (केवल तरुणों के लिए) शाखाओं की संख्या 10 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 5,465 से बढ़कर वर्ष 2025 में 5,991 हो गई है। तरुण व्यवसायी शाखाओं की संख्या भी 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 21,718 से बढ़कर वर्ष 2025 में 24,748 हो गई है, इस शाखाओं में विशेष रूप से तरुणों को शामिल किया जाता है। प्रौढ़ व्यवसायी शाखाओं की संख्या 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 8,241 से बढ़कर वर्ष 2025 में 9,397 हो गई है एवं बाल शाखाओं की संख्या भी वर्ष 2024 में 9,284 से बढ़कर वर्ष 2025 में 9,864 हो गई है। बाल शाखाओं में छोटी उम्र के बालकों को शामिल किया जाता है। उक्त वर्णित शाखाओं के माध्यम से आज संघ का देश के कोने कोने में विस्तार सम्भव हुआ है। संघ की दृष्टि से देश भर में कुल खंडों की संख्या 6,618 है। इनमें से शाखायुक्त खंडों की संख्या वर्ष 2024 में 5,868 थी जो वर्ष 2025 में बढ़कर 6,112 हो गई है। साथ ही, कुल 58,939 मंडलों में से 30,770 मंडलों में संघ की शाखा लगाई जा रही है। देश भर में महानगरों के अतिरिक्त कुल 2,556 नगर हैं। इन नगरों में से 2,476 नगरों में संघ की शाखा पहुंच गई है।



संघ द्वारा विभिन्न श्रेणियों यथा चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षक, सेवा निवृत अधिकारी एवं कर्मचारी, पत्रकार, प्रोफेसर, युवा उद्यमी जैसी श्रेणियों के लिए साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। आज देश भर में 32,147 साप्ताहिक मिलन लगाए जा रहे हैं। साथ ही, संघ मंडलियों का गठन भी किया गया है और आज देश भर में 12,091 संघ मंडलियां भी नियमित रूप से लगाई जा रही हैं। भारत में संघ द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों को सम्पन्न करने की दृष्टि से 37,309 सेवा बस्तियां हैं। इनमें से 9,754 सेवा बस्तियां संघ की शाखा से युक्त हैं। संघ के स्वयसेवकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से देश भर में प्राथमिक शिक्षा वर्ग भी लगाए जाते हैं। वर्ष 2023-24 में कुल 1,364 प्राथमिक शिक्षा वर्ग लगाए गए एवं इन प्राथमिक शिक्षा वर्गों में 31,070 शाखाओं के 106,883 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

वैश्विक पटल पर भी संघ का कार्य द्रुत गति पकड़ता दिखाई दे रहा है। विश्व के अन्य देशों में हिंदू स्वयंसेवक संघ कार्य कर रहा है। आज विश्व के 53 देशों में 1,604 शाखाएं एवं 60 साप्ताहिक मिलन कार्यरत हैं। पिछले वर्ष 19 देशों में 64 संघ शिक्षा वर्ग लगाए गए। विश्व के 62 विभिन्न स्थानों पर संस्कार केंद्र भी कार्यरत हैं। जर्मनी से इस वर्ष 13 विस्तारक भी निकले हैं। हिंदू स्वयंसेवक संघ के माध्यम से भारत से नई उड़ान भर रहे युवाओं को जोड़ा जाता है ताकि एक तो विदेशों में इनकी कठिनाईयों को दूर किया जा सके तथा दूसरे इनमें सनातन संस्कृति के भाव को जागृत किया जा सके। साथ ही, इन युवाओं के भारत में रह रहे बुजुर्ग माता पिता से भी सम्पर्क बनाया जाता है। संघ के स्वयंसेवक भारत में इनकी समस्याओं को हल करने का प्रयास भी करते हैं। भारत में धार्मिक पर्यटन पर आने वाले भारतीय मूल के नागरिकों की सहायता भी संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने का प्रयास किया जाता है तथा भारतीय मूल के नागरिक यदि भारत में वापिस आकर बसने के बारे में विचार करते हैं तो उन्हें भी इस सम्बंध में उचित सहायता उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जाता है।

कुल मिलाकर आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू सनातन संस्कृति को भारत के जन जन के मानस में प्रवाहित करने का कार्य करने का प्रयास कर रहा है ताकि प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो एवं उनके लिए भारत प्रथम प्राथमिकता बन सके। यह कार्य संघ की शाखाओं में प्रशिक्षित होने वाले स्वयसेवकों द्वारा समाज के बीच में जाकर करने का सफल प्रयास किया जा रहा है। और, यह कार्य आज पूरे विश्व में शांति स्थापित करने के लिए एक आवश्यक आवश्यकता भी बन गया है।

# आग जो कभी लगी नहीं और छिपा हुआ धन जो कभी मिला नहीं

**के रवींद्रन**

*सुप्रीम कोर्ट की ओर से तत्काल प्रतिक्रिया संस्थान के सतर्क और अक्सर स्व-नियमन के प्रति गैर-प्रतिबद्ध दृष्टिकोण की विशेषता थी। शुरुआती रिपोर्टों में निर्णायक कार्रवाई का संकेत दिया गया था, जिससे उम्मीद जगी थी कि सर्वोच्च न्यायालय न्यायिक भ्रष्टाचार के खिलाफ़ आखिरकार एक कड़ा रुख अपना सकता है। हालांकि, जैसे-जैसे दिन बीतता गया, यह स्पष्ट होता गया कि प्रति या वास्तविक से ज्यादा प्रतीकात्मक होगी, जो न्यायपालिका के असुविधाजनक विवादों को दरकिनार करने के इतिहास के अनुरूप होगी। भ्रष्टाचार का सीधे सामना करने की यह अनिच्छा एक व्यापक पैटर्न का हिस्सा है। कदाचार के आरोप, यहां तक कि जब सर्वोच्च न्यायिक पदों पर बैठे लोगों पर निर्देशित होते हैं, तो अक्सर इंकार, विक्षेपण या चुप्पी के साथ सामना किया जाता है।*

**यह** कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर से नकदी का एक बड़ा जखीरा मिलने से सभी सदमे में हैं। इस अप्रत्याशित घटना ने न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और ईमानदारी के बारे में असहज सवाल खड़े कर दिये हैं, जिसे अक्सर न्याय और नैतिक सदाचार का संरक्षक माना जाता है। जबकि यह घटना अपने आप में निंदनीय है, लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि यह प्रणालीगत सड़ांध की ओर इशारा करती है- एक ऐसी गहरी और खतरनाक वास्तविकता जिसे बहुत लंबे समय से अनदेखा किया गया है या अनदेखा किया जा रहा है। पैसे के छिपे हुए भंडार जो शायद कभी नहीं मिल पाएंगे, और वे अपारदर्शी गलियारे जहां न्याय का वितरण माना जाता है, बहुत गहरी अस्वस्थता की ओर इशारा करते हैं। यह घटना सिर्फ़ एक जज या अवैध रूप से अर्जित धन के एक भंडार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भारत की न्यायिक प्रणाली की मूल संरचना में मौजूद परेशान करने वाली दरारों को दर्शाती है।

इस खुलासे के बाद सुप्रीम कोर्ट की ओर से तत्काल प्रतिक्रिया संस्थान के सतर्क और अक्सर स्व-नियमन के प्रति गैर-प्रतिबद्ध दृष्टिकोण की विशेषता थी। शुरुआती रिपोर्टों में निर्णायक कार्रवाई का संकेत दिया गया था, जिससे उम्मीद जगी थी कि सर्वोच्च न्यायालय न्यायिक भ्रष्टाचार के खिलाफ आखिरकार एक कड़ा रुख अपना सकता है। हालांकि, जैसे-जैसे दिन बीतता गया, यह स्पष्ट होता गया कि प्रतिक्रिया वास्तविक से ज़्यादा प्रतीकात्मक होगी, जो न्यायपालिका के असुविधाजनक विवादों को दरकिनार करने के इतिहास के अनुरूप होगी। भ्रष्टाचार का सीधे सामना करने की यह अनिच्छा एक व्यापक पैटर्न का हिस्सा है। कदाचार के आरोप, यहां तक कि जब सर्वोच्च न्यायिक पदों पर बैठे लोगों पर निर्देशित होते हैं, तो अक्सर इंकार, विक्षेपण या चुप्पी के साथ सामना किया जाता है। न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का डर जवाबदेही और पारदर्शिता की तत्काल आवश्यकता को खत्म कर देता है। पिछले कुछ वर्षों में, कई प्रमुख हस्तियों ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की ओर ध्यान आकर्षित किया है, लेकिन उनकी चेतावनियां मोटे तौर पर अनसुनी रही हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता शांति भूषण से लेकर उनके बेटे प्रशांत भूषण तक, साहसी आवाज़ों ने न्यायिक प्रणाली के अंधेरे पक्ष को उजागर करने की कोशिश की है। सर्वोच्च न्यायिक मंचों के समक्ष लगाये गये उनके आरोपों ने आक्रोश को जन्म दिया है, लेकिन शायद ही कभी सार्थक सुधार हुआ हो। न्यायपालिका की अपने घर को साफ करने की स्पष्ट अनिच्छा एक संस्थागत जड़ता को दर्शाती है जो न्याय की नींव को ही खतरे में डालती है। भ्रष्टाचार के आरोपों को नज़रअंदाज़ या दबाकर, न्यायपालिका जनता के भरोसे को खत्म करने का जोखिम उठाती है-एक ऐसा भरोसा जो कानून के शासन के प्रभावी ढंग से काम करने के लिए ज़रूरी है।

यशवंत वर्मा का मामला विशेष रूप से परेशान करने वाला है क्योंकि यह न्यायिक निष्पक्षता के आदर्श को कमज़ोर करता है। उनके आवास में मिली नकदी की हर गड्डी न्याय की संभावित विफलता का प्रतिनिधित्व करती है - एक ऐसा मामला जिसका फ़ैसला कानूनी तर्कों के गुण-दोष के आधार पर नहीं बल्कि छिपे हुए वित्तीय प्रोत्साहनों के आधार पर किया गया हो सकता है। इस तरह का भ्रष्टाचार न्यायिक प्रक्रिया को विकृत करता है, खतरनाक मिसाल कायम करता है जो मुकदमेबाजों की भावी पीढ़ियों को परेशान कर सकता है। जब फैसले रिश्वत या व्यक्तिगत लाभ से प्रभावित होते हैं, तो पूरी कानूनी व्यवस्था से समझौता हो जाता है, और कानून के समक्ष समानता का सिद्धांत निरर्थक हो जाता है।

भारत की न्यायपालिका में व्यवस्थागत दोष रेखाएं नयी नहीं हैं, लेकिन उन्हें नज़रअंदाज़ करना मुश्किल होता जा रहा है। फैसले सुनाने में देरी, अस्पष्ट न्यायिक नियुक्तियां, जवाबदेही की कमी और भ्रष्टाचार के आरोपों ने कानूनी व्यवस्था से मोहभंग की भावना को बढ़ाने में योगदान दिया है। न्यायपालिका, जिसे न्याय चाहने वालों के लिए उम्मीद का आखिरी गढ़ माना जाता है, अब कई लोग इसे समाधान के बजाय समस्या का हिस्सा मानते हैं। यह धारणा लोकतंत्र में विशेष रूप से हानिकारक है, जहां न्यायपालिका संवैधानिक मूल्यों को बनाये रखने और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

न्यायिक भ्रष्टाचार को संबोधित करने में प्रमुख चुनौतियों में से एक जवाबदेही के लिए प्रभावी तंत्र की अनुपस्थिति है। भारत में न्यायाधीशों को काफी स्वायत्तता प्राप्त है, जो राजनीतिक हस्तक्षेप से उनकी स्वतंत्रता बनाये रखने के लिए आवश्यक है। हालांकि, स्व-नियमन के संदर्भ में व्यक्त की गयी इस स्वायत्तता ने बाहरी निगरानी की कमी को भी जन्म दिया है, जिससे भ्रष्टाचार को पनपने के लिए उपजाऊ जमीन मिल गयी है। न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायतों की जांच करने की आंतरिक प्रक्रियाएं अक्सर अपारदर्शी और अपर्याप्त होती हैं, और गोपनीयता की एक व्यापक संस्कृति है जो गलत न्यायाधीशों को जवाबदेह ठहराना मुश्किल बनाती है।

न्यायिक भ्रष्टाचार को उजागर करने का प्रयास करने वाले व्हिसलब्लोअर अक्सर प्रतिशोध का सामना करते हैं, जिससे पारदर्शिता और भी हतोत्साहित होती है। भ्रष्टाचार का सामना करने के लिए न्यायपालिका की अनिच्छा भारतीय सार्वजनिक जीवन में व्याप्त दंड से मुक्ति की व्यापक संस्कृति से और भी जटिल हो जाती है। भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक ही सीमित नहीं है; यह एक प्रणालीगत समस्या है जो सरकार की सभी शाखाओं को प्रभावित करती है। हालांकि, संविधान के संरक्षक के रूप में न्यायपालिका की भूमिका भ्रष्टाचार में इसकी मिलीभगत को विशेष रूप से गंभीर बनाती है। जब न्यायाधीशों पर स्वयं भ्रष्टाचार का संदेह होता है, तो

## हास्य-व्यंग्य

# नृत्य-प्रधान विश्व करि राखा...

**आलोक पुराणिक**

**भागवत** कथा के एक आयोजन में बैठा हुआ था, कथावाचक ने म्यूजिकल ब्रेक दिया और तन-डोले, मन -डोले की धुन पर नागिन डांस चल पड़ा। महिलाएं हाथ को ऊपर फन की मुद्रा में ले जाकर लहराने लगीं। भागवत कथा में नागिन-नृत्य चल निकला है इन दिनों। म्यूजिकल ब्रेक के बाद फिर कथा चल निकलती है।

टीवी पर एक और धार्मिक आयोजन देख रहा था, उसमें भी नृत्य हो रहा था, यहां यद्यपि नागिन डांस नहीं था। वहां शाहरुख खान की पुरानी फिल्म के गाने की धुन पर था-जरा तस्वीर से तू निकल कर सामने आ मेरी महबूबा। धुन वही थी, बोल यूं कर दिये गये थे-जरा तस्वीर से तू निकल कर सामने आ ओ मेरे बाबा। किन्ही बाबाजी की स्तुति में नृत्य मचा हुआ था।

नृत्य-प्रधान विश्व करि रखा, जो जहां देखहुं, सो वहीं नाचा। जहां जिसे मौका मिल रहा है, वो वहीं नाचे ले रहा है। शादी में नागिन-डांस तो संवैधानिक आवश्यकता है। मुझे मेरे कानून-विद मित्र बताते हैं कि जिस शादी में नागिन-डांस ना हो, वह शादी अवैध ठहरायी जा सकती है। ये देश है वीर जवानों का और तन डोले पर नागिन-डांस जिन शादियों में ना हुआ, वो शादियां ज्यादा लंबी नहीं चल पातीं, ऐसा मेरे समाजशास्त्री मित्र बताते हैं।

नृत्य-प्रधान विश्व करि राखा। नागिन का अवतरण बोलो इस धरती पर क्यों हुआ-जवाब-दो वजहों से। एक तो यह नागिन सीरिज की कई फिल्में बनायी जानी थीं। दूसरी वजह यह कि शादी में नागिन-डांस की रस्म अनिवार्य थी, इसलिए नागिन होना जरुरी था। नागिन हो, उसका नृत्य देखा जा सके। उस नृत्य को याद करके नागिन-डांस किया जा सके। हालांकि शादी में नागिन-डांस करनेवाले काफी लोग जिस टुन्नावस्था में होते हैं, उसमें नागिन-डांस को याद करना तो दूर, यह तक भी याद नहीं रहता है कि वो खुद कौन हैं। बैंड-तन-डोले,मन-डोले की धुन बजाता रहता है, और नागिन-डांसर जमीन पर रगड़-घिस्सा या लोट लगाता रहता है। बेमौसम इठलायमान सड़क पर पड़े कुत्ते के करीब ज्यादा बैठता है ऐसा नागिन-डांसर। पर नागिन-डांसर के चाहनेवाले इसे नागिन-डांस कहते हैं। अगर कभी कोई नागिन इतनी समझदार हो जाये कि अपने नाम पर चलने वाले इस डांस को देख पाये, तो शर्म में डूबकर या तो वो आत्म-हत्या करने की ओर प्रवृत्त हो जायेगी या प्रतिशोध की ज्वाला में ज्वलित होकर वो सारे नागिन - डांसरों को एक झटके में काटकर खत्म करने का प्रण ले लेगी। खैर साहब डांस हो रहे है, नागिन डांस भी हो रहे हैं। अब तो धार्मिक आयोजनों में भी हो रहे हैं। शादी से लेकर धार्मिक आयोजनों तक में नागिन डांस मचा हुआ है। मैं नागिन डांस का कायल हो गया हूं।

# वैशाख के शानदार डेथ ओवर्स ने दिलाई पंजाब को जीत

## गुजरात को 11 रन से हराया, कप्तान श्रेयस ने 97 रन बनाए

**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स ने डेथ ओवर्स में बेहतरीन बैटिंग और बॉलिंग के दम पर गुजरात टाइटंस को 11 रन से हरा दिया। आईपीएल में नए कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ उतरी पंजाब ने 5 विकेट खोकर 243 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने भी 232 रन बना दिए, लेकिन ये स्कोर जीत के लिए काफी नहीं रहा।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मंगलवार को गुजरात ने बॉलिंग चुनी। पंजाब से श्रेयस ने नाबाद 97 रन बनाए, उनके साथ शशांक सिंह ने 44 और प्रियांश आर्या ने 47 रन की पारी खेली। गुजरात से साई किशोर ने 3 विकेट लिए। साई सुदर्शन ने 74, जोस बटलर ने 54, शेरफन रदरफोर्ड ने 46 और कप्तान शुभमन गिल ने 33 रन बनाए।टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब किंग्स ने चौथे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। यहां कप्तान श्रेयस बैटिंग करने आए। उन्होंने पहली गेंद पर ही चौका लगा दिया। उन्होंने स्कोरिंग रेट तेज बनाए रखा। श्रेयस ने 9 छक्के और 5 चौके लगाकर 97 रन बनाए। उनकी पारी ने ही टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। आखिरी 6 ओवर में गुजरात को 76 रन चाहिए थे। यहां इम्पैक्ट प्लेयर बनकर वैशाख बॉलिंग करने आए। उन्होंने 15वें और 17वें ओवर में महज 10 रन खर्च किए और गुजरात पर दबाव बढ़ा दिया। प्रियांश ने पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाकर महज 23 गेंद पर 47 रन बना दिए।नंबर-6 पर बैटिंग करने उतरे शशांक ने महज 16 गेंद पर 44 रन की पारी खेली। उन्होंने आखिरी ओवर में भी 5 चौके लगाकर 22 रन बनाए और टीम को 243 तक पहुंचाया। गुजरात से लेफ्ट आर्म स्पिनर साई किशोर फाइट दिखाते नजर आए। पंजाब ने 12.50 के रन रेट से स्कोर किया, लेकिन साई ने महज 7.50 की इकोनॉमी से रन खर्च किए। इतना ही नहीं उन्होंने 3 अहम विकेट भी लिए। हालांकि, उन्हें दूसरे एंड पर किसी का साथ नहीं मिला। 12 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 108 रन था। टीम ने आखिरी 8 ओवर में 135 रन बना दिए। कप्तान श्रेयस और शशांक ने तेजी से बैटिंग की और टीम को 243 तक पहुंचा दिया। गेंदबाजी में भी पंजाब ने डेथ ओवर्स में ही मैच निकाला। आखिरी 6 ओवर 76 रन बचाने थे। यहां पेसर्स ने लगातार वाइड यॉर्कर्स पर फोकस किया और 64 रन ही बनने दिए। पंजाब ने शुरुआती 3 ओवर में धीमी शुरुआत की थी। श्रेयस जब बैटिंग करने आए तो स्कोरिंग रेट बढ़ गया, उनके साथ प्रियांश और शशांक ने भी टीम को 243 तक पहुंचा दिया। यह पहली पारी में टीम का बेस्ट और ओवरऑल उनका सेकेंड हाईएस्ट स्कोर है।बड़े चेज में गुजरात ने 11 ओवर तक 10 का रन रेट मेंटेन किया और स्कोर 104 तक पहुंचाया। इसके बाद टीम ने तेजी दिखाई और अगले 3 ओवर में 64 रन बना दिए। हालांकि, डेथ ओवर्स में टीम बिखर गई और आखिरी 6 ओवर में 76 रन नहीं बना सकी।



## आज भिड़ेंगे सैमसन के रॉयल्स और रहाणे के नाइटराइडर्स

**गुवाहाटी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के छठे मुकाबले में आज राजस्थान रॉयल्स का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा। मैच राजस्थान के सेकेंड होमग्राउंड गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों का यह सीजन में दूसरा मैच होगा। कोलकाता को अपने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल में अब तक 30 मैच खेले गए। 14 में राजस्थान और 14 में ही कोलकाता को जीत मिली। एक मुकाबला बेनतीजा रहा और एक बारिश की वजह से रद्द हो गया था। गुवाहाटी में दोनों टीमों का दूसरी बार सामना होगा। राजस्थान रॉयल्स के टॉप ऑर्डर में संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, शिमरोन हेटमायर, रियान पराग का एक्सपीरिएंस मौजूद है। सैमसन और ध्रुव जुरेल ने पिछले मैच में हैदराबाद के खिलाफ अर्धशतक लगाया था। जुरेल ने 70 और सैमसन ने 66 रन की पारी खेली थी। नीतीश राणा और शुभम दुबे बैटिंग को और भी मजबूत कर रहे हैं। वहीं, बॉलिंग में तुषार देशपांडे ने 3 और महीश तीक्षणा ने 2 विकेट लिए थे। कोलकाता के पास 4 से 7 नंबर तक वर्ल्ड क्लास फिनिशर्स हैं। पिछले मैच में बेंगलुरु के खिलाफ टीम के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 56 रन की पारी खेली थी। वहीं, सुनील नरेन ने 44 रन बनाए थे। चक्रवर्ती, नरेन, हर्षित और वैभव अरोड़ा गेंदबाजी को मजबूत कर रहे हैं। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली होती है। यहां पर अब तक हाई स्कोरिंग मुकाबले देखने को मिले हैं। यहां अब तक 4 आईपीएल मैच खेले गए हैं। 2 में पहले बैटिंग करने वाली टीम को जीत मिली। एक मुकाबला चेज करने वाली टीम ने जीता। एक मैच बेनतीजा रहा। यहां का हाईएस्ट टीम स्कोर 199/4 है, जो राजस्थान ने 2023 सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बनाया था।

## टूटेगा गाबा क्रिकेट स्टेडियम

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन स्थित गाबा का ऐतिहासिक मैदान 2032 के ओलिंपिक गेम्स के बाद ढहा दिया जाएगा। यह वही मैदान है, जहां भारतीय टीम ने 2021 में 32 साल से अजेय ऑस्ट्रेलिया को हराया था। गाबा क्रिकेट स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का गढ़ कहा जाता है। क्वींसलैंड स्टेट के प्रधानमंत्री डेविड क्रिस फुल्ली ने मंगलवार को ओलिंपिक के बुनियादी ढांचे के लिए नई योजनाओं की घोषणा की। इसके अनुसार, गाबा में होने वाला क्रिकेट ब्रिस्बेन के 60 हजार दर्शक क्षमता वाले विक्टोरिया पार्क में शिफ्ट किया जाएगा। जहां करीब 3.8 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की लागत से नया स्टेडियम बनने जा रहा है।


**RAJASTHAN STATE GANGANAGAR SUGAR MILLS LIMITED**
Regd. Office: Center of Excellence for Revenue Research & Analysis
तृतीय मंजिल, अरण्य भवन के पास, झालानाडूंगरी, जयपुर-302004
Tel: 0141-2740841, Fax: 0141-2740676, Email-ID : dgmpurchase.rsgsm@rajasthan.gov.in

**NOTICE INVITING BIDS**

| UBN | NIB No. | Particulars | Last Date of Submission Of Bids |
|---|---|---|---|
| UBN: GSM2425GLR C00113 | 26 | RATE CONTRACT FOR PROCUREMENT OF BOPP TAPE | Till date 16.04.2025 6.00 pm |
| UBN: GSM2425GLR C00114 | 27 | RATE CONTRACT FOR CORRUGATED BOXES FOR 180 ML PET NIPS & GLASS NIPS | Till date 24.04.2025 6.00 pm |

Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; http://excise.rajasthan.gov.in/, departmental website. Further updates about the bidding will be available only on http://eproc.rajasthan.gov.in therefore interested bidders are advised to visit above website regularly for updates.
Raj.Samwad/C/24/13829 Dy. General Manager (Purchase)

**कार्यालय नगर परिषद, सवाई माधोपुर-राज.**
क्रमांक/न.प.स.मा./2024-25/17232 दिनांक: 17.03.2025
**-:: ई-निविदा सूचना वर्ष 2024-25 ::-**
केन्द्र एवं राज्य सरकार में उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर पालिका/परिषद/निगम/स्वायत्त शासन विभाग के निविदाताओं से आयुक्त/अधिशाषी अभियन्ता द्वारा सम्बन्धित निविदा आमंत्रित की जाती है कार्यो की अनुमानित लागत 10.00 लाख से 15.00 लाख तक है। टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारिख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राजस्थान सरकार के पोर्टल Website:- www.sppp.raj.nic.in, www.eproc.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।
स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट का UBN Code-DLB2425WSOB21734, DLB2425WSOB21740
राज.संवाद/सी/24/13914 आयुक्त, नगर परिषद, सवाई माधोपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत रातंगा, पंचायत समिति जायल ( नागौर )**
क्रमांक: ग्रा.पं./निविदा/2024-25/22 दिनांक: 19-03-25
**ई-निविदा सूचना / 2024-25**
ग्राम पंचायत रातंगा, पंचायत समिति जायल में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत करवाये जाने वाले निर्माण कार्य के लिये सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण बेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कय समिति द्वारा खोली जायेगी।
NIB- ZNR2425A0707
UBN- ZNR2425WSOB01184, ZNR2425WSOB01185, ZNR2425WSOB01186,
NIB- ZNR2425A0706, UBN- ZNR2425WSOB01183
प्रशासक, ग्राम पंचायत रातंगा, पंचायत समिति जायल, जिला-नागौर ( राज. )
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रातंगा, पंचायत समिति जायल, जिला-नागौर ( राज. )
डीआईपीआर/सी/4225/25

**कार्यालय नगर पालिका किशनगढ बास (खैरथल-तिजारा) राज0**
क्रमांक - 6077 दिनांक- 22.03.2025
**ऑनलाईन निविदा सूचना सं. ............**
नगर पालिका किषनगढ बास द्वारा परिषद क्षेत्र में लाईट कार्य हेतू ऑनलाईन निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। निविदा सूचना राजस्थान लोक उपागम पोर्टल की वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार विवरण के द्वारा देखी जा सकती है-
NIB CODE : DLB2425A6837

| Work No. | Estimated Cost | UBN No. on SPPP PORTAL | Tender ID on Eproc Portal |
|---|---|---|---|
| 1 | 49.84 Lac. | DLB2425WSRC22237 | 2025_DLB_454409_1 |

अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/24/13851 नगर पालिका किशनगढ़ बास

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर डीडवाना-कुचामन**
**(कार्यालय पंचायत समिति डीडवाना परिसर)**
मेल: sewdsc.deed.kuchaman@rajasthan.gov.in
क्रमांक: WCDC/निविदा/PMKSY-2.0/2024-25/368 दिनांक: 17.03.2025
**ई-निविदा सूचना संख्या- 07/PMKSY-2.0/2024-25**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग जिला डीडवाना-कुचामन में PMKSY-2.0 अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों के कुल 1 पैकेज टांका निर्माण कार्य के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्व. निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. अभि. विभाग, सिंचित क्षेत्र विकास में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा दिनांक 27.03.2025 को सायं 06.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विस्तृत विवरण "https://sppp.rajasthan.gov.in", "https://eproc.rajasthan.gov.in" वेबसाइट पर देखा जा सकता है।
**NIB Code:** WSC2425A0673, **UBN No.:** WSC2425WSOB01406 (2025_WDSC_453202_1)
अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबन्धक
डीआईपीआर/सी/3997/2025 वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, डीडवाना-कुचामन

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड, मेडतासिटी**
क्रमांक:- अअमे/निविदा/2024-25/6772 दिनांक:- 17.03.2025
**निविदा सूचना सं. 59-62/2024-2025**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अधीन विभिन्न जलयोजनाओं के संचालन एवं संधारण कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिक विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेल्वे इत्याद में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म दिनांक 17.03.2025 को 5.30 बजे से दिनांक 03.04.2025 को 18.00 बजे तक डाउनलोड किए जा सकेंगे। निविदाएं दिनांक 04.04.2025 को 12:00 बजे खण्डीय कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp तथा http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।
**एसपीपी एनआईबी नंबर:- PHE2425A5317**

| निविदा सूचना संख्या | एसपीपी यूबीआई नम्बर | निविदा सूचना संख्या | एसपीपी यूबीआई नम्बर |
|---|---|---|---|
| 59/2024-25 | PHE2425WSRC11648 | 61/2024-25 | PHE2425WSRC11650 |
| 60/2024-25 | PHE2425WSRC11649 | 62/2024-25 | PHE2425WSRC11651 |

(सुरेश कुमार माली) अधिशाषी अभियंता
जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड, मेडतासिटी
डीआईपीआर/सी/3972/2025 मोबाइल नं.: 8279108040

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड अलवर**
ई-मेल: phed_eealw@rediffmail.com
पता: जलदाय परिसर, मनुमार्ग, जिला अलवर, पिनकोड-301001
क्रमांक: 5560-74 दिनांक: 17.03.2025
**निविदा सूचना संख्या 62-64/2024-25**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न निर्माण कार्यों के लिए पी.डब्ल्यू.एफ. एण्ड ए.आर. पार्ट द्वितीय अपेण्डिक्स-16 दिनांक 01.07.99 से लागू एवं समय-समय पर पंजीयन नियमों संबंधी वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित प्रपत्रों आज तक के अनुरूप पंजीकृत/योग्य ठेकेदारों से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र संख्या 62-64 दिनांक 17.03.2025 से वेबसाइट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp पर देखी जा सकती है तथा निविदा तथा निविदा प्रपत्र sppp.rajasthan.gov.in तथा विभागीय वेबसाईट rajwater.gov.in पर देखे एवं यहां से डाउनलोड किया जाकर प्राप्त की जा सकती है। **निविदा शुल्क ई-ग्रास पोर्टल पर ई-चालान के माध्यम से स्वीकार होगी।** बिना निविदा शुल्क निविदा को निरस्त माना जावेगा। निविदा अपलोड की तिथि 27.03.2025 को सायंकाल 5:00 बजे तक निविदा इस कार्यालय में प्राप्त की जावेगी एवं अगले दिन प्रात 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा निविदा प्राप्त करने/बेचेने की दिनांक को यदि राजकीय अवकाश हो तो निविदा अगले कार्यदिवस में बेची/खोली जावेगी। निविदा संवेदक अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि को ही विक्रय की जावेगी। निम्न हस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदा की लागत कम या अधिक की जा सकती है।
**NIB No.:** PHE2425A5331, **UBN No.:** PHE2425WSRC11669
**UBN No.:** PHE2425WSRC11671, **UBN No.:** PHE2425WSRC11674

| | |
|---|---|
| निविदा का कार्य | संलग्न प्रपत्र अनुसार |
| कुल राशि | 5553072/- |
| कुल धरोहर राशि (रुपयों में) | 111061/- |
| निविदा प्रपत्र/डाउनलोड एवं विक्रय की तिथि | 17.03.2025 से 27.03.2025 सायं 5.00 बजे तक |
| धरोहर राशि जमा कराने की तारीख | 17.03.2025 से 27.03.2025 सायं 5.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | 17.03.2025 से 27.03.2025 सायं 5.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 28.03.2025 प्रातः 11.00 बजे |

अधिशाषी अभियंता
जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड अलवर
डीआईपीआर/सी/3994/2025


## हार के बाद ऋषभ पंत की एलएसजी के मालिक ने लगाई क्लास

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के ऑक्शन के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने खिलाड़ी ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये की बड़ी कीमत चुकाकर खरीदा था। आईपीएल 2025 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स और टीम के मालिक संजीव गोयनका को कप्तान ऋषभ पंत से कई उम्मीदें थी, जो पहले ही मैच में पूरी नहीं हो सकी। आईपीएल 2025 के अपने पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स दिल्ली कैपिटल्स से हार गई। इसके बाद फ्रेंजाइजी के मालिक संजीव गोयनका को विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ बातचीत करते देखा गया। 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के 113 रन पर छह विकेट गिरने के बावजूद लखनऊ मैच को अपने नाम नहीं कर पाई। आशुतोष शर्मा ने दबाव में बेहतरीन पारी (31 गेंदों पर 66) खेली और सोमवार (24 मार्च) को विशाखापत्तनम में डीसी को एक विकेट और तीन गेंद शेष रहते जीता दिया। सोमवार को ऋषभ पंत ने कप्तान और खिलाड़ी के रूप में एलएसजी में पदार्पण किया। इस मैच में ऋषभ कोई बड़ा कीर्तिमान स्थापित नहीं कर




सके। एक ऐसे मैच में जहां 420 से अधिक रन बने और पांच बल्लेबाजों ने 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की, पंत छह गेंदें खेलने के बाद भी शून्य पर आउट हो गए। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व साथी कुलदीप यादव ने मात दी। उनकी कप्तानी और विकेट के पीछे का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा। एलएसजी इकाई के सबसे अनुभवी गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को केवल दो ओवर दिए गए, जबकि दाएं हाथ के इस मध्यम तेज गेंदबाज ने अपने पहले ओवर में दो विकेट लिए थे। यहां तक कि जब अंतिम दो ओवरों में 22 रन की जरूरत थी, तब पंत ने शार्दुल की जगह अनुभवहीन प्रिंस यादव को गेंद थमा दी। युवा तेज गेंदबाज ने दो चौकों और एक छक्के सहित 16 रन दिये। आखिरी ओवर में एक गेंद पर एक रन बनाने के लिए पंत ने बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद को बुलाने में फायदा देखा। हैरानी की बात यह है कि शार्दुल का कोई पता नहीं चला, जिन्होंने अतीत में भारत के लिए कुछ अंतिम ओवरों के मैचों में गेंदबाजी की है। यह सब कुछ बदला जा सकता था अगर पंत ने मैच के आखिरी ओवर में स्टंपिंग का मौका पकड़ लिया होता। शाहबाज ने बेहद खूबसूरत गेंदबाजी की और दिल्ली के 11वें नंबर के बल्लेबाज मोहित शर्मा को चारों खाने चित कर दिया, लेकिन पंत गेंद को स्टंप के पीछे नहीं ले जा सके, क्योंकि गेंद मोहित के बैक पैड से टकराने के बाद अपनी दिशा बदल चुकी थी।

## विनेश फोगाट को नौकरी का ऑफर

**नई दिल्ली।** हरियाणा की बीजेपी सरकार ने रेसलर विनेश फोगाट को सरकारी नौकरी का ऑफर दिया है। यह ऑफर तब दिया गया है, जब वह कांग्रेस की टिकट पर एमएलए बन चुकी हैं। बीते कल (25 मार्च) कैबिनेट मीटिंग में विनेश को सिल्वर मेडलिस्ट जैसे सम्मान के तौर पर 3 चॉइस दी गईं। जिसमें नौकरी के अलावा 4 करोड़ कैश और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से प्लॉट का भी ऑफर दिया गया है। बता दें कि 2024 में हुए पेरिस ओलिंपिक में विनेश फोगाट फाइनल मुकाबले तक पहुंची थी। हालांकि 100 ग्राम बढ़े वजन की वजह से वह फाइनल मुकाबला खेलने से पहले ही बाहर हो गईं। जिसके बाद सीएम नायब सैनी ने विनेश का सिल्वर मेडलिस्ट जैसा सम्मान करने का ऐलान किया था। हालांकि इस बारे में विनेश फोगाट की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।विनेश फोगाट ने 50 किग्रा वेट कैटेगरी में 6 अगस्त 2024 को 3 मैच खेले। प्री-क्वार्टर फाइनल में उन्होंने टोक्यो ओलिंपिक की चैंपियन यूई सुसाकी को हरा दिया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने यूक्रेन और सेमीफाइनल में क्यूबा की रेसलर को पटखनी दी। विनेश फाइनल में पहुंचने वालीं पहली भारतीय महिला रेसलर बन गईं। सेमीफाइनल तक 3 मैच खेलने के दौरान उन्हें प्रोटीन और एनर्जी के लिए खाना-पानी दिया गया। जिससे उनका वजन 52 किलो 700 ग्राम हो गया। विनेश के पास वेट वापस 50 किलो लाने के लिए सिर्फ 12 घंटे थे। रातभर विनेश वजन कम करने की कोशिश में लगी रहीं। विनेश पूरी रात नहीं सोईं और वजन को तय कैटेगरी में लाने के लिए जॉगिंग, स्किपिंग और साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करती रहीं। विनेश ने अपने बाल और नाखून तक काट दिए थे। उनके कपड़े भी छोटे कर दिए गए थे। 7 अगस्त की सुबह नियम के अनुसार दोबारा से विनेश के वजन की जांच की गई। उनका वजन ज्यादा निकला। उन्हें 15 मिनट मिले, लेकिन आखिरी बार वजन में भी वह 100 ग्राम अधिक निकलीं। जिसके बाद उन्हें अयोग्य करार दे दिया गया। इसके बाद विनेश ने अयोग्य करार देने पर खेल कोर्ट में अपील की। जिसमें विनेश ने फाइनल मुकाबला खेलने देने की अपील की। यह संभव नहीं था तो विनेश ने अपील बदलकर कहा कि सेमीफाइनल तक उनका वजन नियमों के अनुरूप था।


**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं महेश कुमार गुर्जर पुत्र हजारी लाल गुर्जर, निवासी ढ़ाणी-राज्योड़ा, रामपुरा तह. पावटा, जिला कोटपूतली-बहरोड़ (राज.) का रहने वाला हूं। मेरी पुत्री मौसम कुमारी के आधार कार्ड व मेरे आर्मी रिकॉर्ड में उसका नाम मौसम कुमारी पुत्री महेश कुमार गुर्जर दर्ज है। जो कि सही एवं सत्य है। जबकि उसके स्कूल रिकॉर्ड में नाम मौसम गुर्जर पुत्री महेश गुर्जर त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जिसे मौसम कुमारी पुत्री महेश कुमार गुर्जर दर्ज करवाने बाबत समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर 50 रूपए के स्टाम्प पर शपथ पत्र नोटरी करवाकर सूचना अखबार में प्रकाशित करवा दी है। ताकि वक्त जरूरत पड़े काम आवें। मेरे द्वारा उपरोक्त वर्णित कथन सही एवं सत्य है। यदि भविष्य में इससे सम्बंधित कोई भी तथ्य गलत या त्रुटि पाई जाती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
**दिनांक: 25.3.2025** ह. महेश कुमार गुर्जर

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं महेश कुमार गुर्जर पुत्र हजारी लाल गुर्जर, निवासी ढ़ाणी-राज्योड़ा, रामपुरा तह. पावटा, जिला कोटपूतली-बहरोड़ (राज.) का रहने वाला हूं। मेरे पुत्र लक्ष्य कुमार के आधार कार्ड व मेरे आर्मी रिकॉर्ड में उसका नाम लक्ष्य कुमार दर्ज है। जो कि सही एवं सत्य है। जबकि उसके स्कूल रिकॉर्ड में नाम लक्ष्य गुर्जर त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जिसे लक्ष्य कुमार दर्ज करवाने बाबत समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर 50 रूपए के स्टाम्प पर शपथ पत्र नोटरी करवाकर सूचना अखबार में प्रकाशित करवा दी है। ताकि वक्त जरूरत पड़े काम आवें। मेरे द्वारा उपरोक्त वर्णित कथन सही एवं सत्य है। यदि भविष्य में इससे सम्बंधित कोई भी तथ्य गलत या त्रुटि पाई जाती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।
**दिनांक: 25.3.2025** ह. महेश कुमार गुर्जर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **(1) एनआईटी संख्या:** ईएल/जेपी/आर-06-द्वितीय, आर-09/2024-25 **कार्य का नाम:** JP Div.- Schedule maintenance of DG Sets of capacity up to 750kVA over Jaipur Division for three years. **अनुमानित लागत:** ₹ 5079885.20/- **बयाना राशि:** ₹101600/- **निविदा खोलने की तिथि:** 14.04.2025. **(2) एनआईटी संख्या:** ईएल/जेपी/आर-09/2024-25 **कार्य का नाम:** JP Div.- Comprehensive maintenance contract for window/ split/ tower/ cassette/duct-able AC/refrigerators and MWC with associated miscellaneous work for 3 year over Jaipur Division. **अनुमानित लागत:** ₹ 8614221.61/- **बयाना राशि:** ₹172300/- **निविदा खोलने की तिथि:** 14.04.2025. **नोट: ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक, **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे के बाद. **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in 351-DK/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## पाठकों को सलाह

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई भी व्यवहार करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच अवश्य कर लें, क्योंकि सांध्य ज्योति दर्पण विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार-पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

## विमेंस वर्ल्ड कप का फाइनल मोहाली में होगा



**मोहाली।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल मोहाली के मुल्लांपुर स्टेडियम में होगा। रिपोर्ट अनुसार भारत में होने वाला आईसीसी टूर्नामेंट 29 सितंबर से शुरू हो सकता है। मुल्लांपुर के अलावा इंदौर, रायपुर, विशाखापट्टनम और तिरुवनंतपुरम में भी 8 टीमों के मैच खेले जाएंगे।

मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में अब तक इंटरनेशनल मैच नहीं हुआ है। यह वेन्यू आईपीएल में पंजाब किंग्स टीम का होमग्राउंड है, जिसका उद्घाटन पिछले साल ही हुआ था। वेन्यू मोहाली शहर से कुछ किलोमीटर दूर बना है। मुल्लांपुर, तिरुवनंतपुरम और रायपुर ने अब तक विमेंस इंटरनेशनल मैच की मेजबानी नहीं की है। इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 2 विमेंस मैच हुए हैं, जिनमें से एक 1997 के वर्ल्ड कप में भी हुआ था। हालांकि, इस बार के वर्ल्ड कप मैच होलकर स्टेडियम में हो सकते हैं। विशाखापट्टनम का ऐसीए-वीडीसीए ही ऐसा इकलौता स्टेडियम है, जिसने विमेंस इंटरनेशनल मैच की होस्टिंग की है। यहां 5 वनडे और 6 टी-20 खेले जा चुके हैं। हालांकि, यहां भी आखिरी मैच 2014 में खेला गया था।

वनडे वर्ल्ड कप में 8 टीमें हिस्सा लेंगी। मेजबान भारत समेत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और श्रीलंका ने क्वालिफाई कर लिया है। वहीं 2 जगह के लिए 9 अप्रैल से पाकिस्तान में क्वालिफायर मुकाबले खेले जाने हैं।

क्वालिफायर स्टेज में पाकिस्तान के अलावा वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, आयरलैंड, थाईलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें भी क्वालिफायर में हिस्सा लेंगी। इनमें से टॉप-2 टीमें ही टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगी।

## एयर इंडिया ने किया यात्रा नीति में बदलाव

### घरेलू यात्रा पर कर्मचारियों को मिलेगी ये सुविधा

**नई दिल्ली।** प्राइवेट विमानन कंपनी टाटा एयर इंडिया ने अपनी यात्रा नीति में बड़ा बदलाव कर दिया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने इसकी घोषणा की है। एयर इंडिया के सभी कर्मचारी अपनी घरेलू वर्क यात्रा के दौरान इकॉनमी क्लास में यात्रा करेंगे।

बता दें कि वर्तमान नियम के मुताबिक कर्मचारियों के लिए ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों के लिए बिजनेस क्लास की सीट आरक्षित है।

इस संबंध में एक अधिकारी ने जानकारी दी कि यात्रा नीति में ये बदलाव शीर्ष प्रबंधन के लिए 1 अप्रैल से व अन्य सभी कर्मचारियों के लिए 1 जून से प्रभावी होगा। इस नियम की पुष्टि करते हुए एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि इसके साथ, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारी प्रीमियम सीटें, बिजनेस और प्रीमियम इकोनॉमी दोनों- जिनके लिए हम भारी मांग देख रहे हैं कि हमारे ग्राहकों के लिए पहले बुकिंग के लिए उपलब्ध होंगी। एयरलाइन के अधिकारी का कहना है कि टाटा ने जनवरी 2022 में जबसे एयर इंडिया का अधिग्रहण किया है, तभी से एयरलाइंस में प्रीमियम सीटों की मांग बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि प्रीमियम सीटों की मांग अब दोगुनी से भी अधिक हो गई है। एयरलाइन ने सोमवार को अपने कर्मचारियों को ईमेल के जरिए नीति में बदलाव की जानकारी दी।

एयरलाइन अधिकारी ने कहा कि ईमेल में कहा गया है कि ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों या काम के लिए यात्रा करने वाले किसी भी कर्मचारी, जिसमें शीर्ष प्रबंधन भी शामिल है, को वर्तमान कन्फर्म बिजनेस क्लास सीट के बजाय कन्फर्म इकॉनमी सीट मिलेगी। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि इसमें यह भी निर्दिष्ट किया गया है कि यदि उड़ान के लिए दोनों वर्गों में से किसी एक में सीट खाली होने की पुष्टि होती है तो ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी को बिजनेस या प्रीमियम इकॉनमी में अपग्रेड किया जा सकता है।

## गणगौर पूजा पर करें राजस्थानी मेकअप

# नई दुल्हन दिखेंगी घणी चोखी



**भारत देश** में पूरे साल कोई न कोई त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें से बहुत से पर्व सुहागिन स्त्रियों के लिए बनाए गए हैं। जिनको वो अपने पति की लंबी आयु के लिए हर साल रखती है अपने जीवनसाथी की लंबी उम्र की कामना करती हैं। ठीक उसी तरह राजस्थान में गणगौर पूजा का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह-श्रृंगार करके अपने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की व्रत रखकर सच्चे मन से भगवान शिव और पार्वती की उपासना करती हैं। वैसे तो यह त्योहार देशभर के कई हिस्सों में मनाया जाता है, लेकिन राजस्थानी लोगों का यह खास पर्व है।

### ऐसे करें मेकअप



आपको बता दें राजस्थानी या राजपुताना मेकअप थोड़ा बोल्ड और ग्लॉसी टच के साथ किया जाता है।

### पहला स्टेप

सबसे पहले आपको बेस के लिए फेस पर मॉइस्चराइजर या एलोवेरा जेल लगाकर जेल बेस प्राइमर अप्लाई करना है। इसे आप अपने हाथों की मदद से पूरे फेस पर फैलाएं।

### दूसरा स्टेप

इसके बाद आपको कोई भी अपनी स्किन स्टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन लेकर फेस पर अप्लाई करना है और ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से इसे फैलाना है।

### तीसरा स्टेप

तीसरे स्टेप में आपको कंसीलर की मदद से आंखों, चिन और फोरहेड पर कंसीलर लगाकर ब्यूटी ब्लेंडर से फिर स्प्रेड करना है। साथ ही अब आप आपको कॉन्टूरिंग करनी है और इसको आप ब्रश की मदद से फैलाएं।

### चौथा स्टेप

अब आपको आई मेकअप शुरू करना है और उसके लिए आप सबसे पहले कंसीलर आई लिड पर लगाएं। उसके बाद कोई भी लाइट कलर का शेडी लेकर पूरी आई लिड पर स्प्रेड करें। साइड में अपनी ड्रेस के मैचिंग का कोई भी डार्क कलर का आईशैडो कॉर्नर पर लगाएं दूसरी साइड दूसरे रंग का आईशैडो लगाएं। अब दोनों को ब्रश से मिक्स कर दें। आखिर में आप जेल ग्लिटर अप्लाई करें।

### पांचवां स्टेप

इसमें आपको अब फेस विंग लाइनर और मस्कारा अप्लाई करना है। ध्यान रहे राजपुताना मेकअप में लाइनर थोड़ा बोल्ड लगता है।

### छटवां और आखिर स्टेप

इसके लिए आपको अब आपको लूज पाउडर लेना है जिसको पूरे फेस पर अप्लाई करना होगा। इसके बाद आप गालों पर सिल्वर कलर का हाइलाइटर ब्रश से लगाएं।

## गणगौर पूजा में घाघरा के साथ पहनें ये ज्वैलरी, दिखेंगी घणी फूटरी



**गणगौर** की पूजा में अच्छा दिखना है, तो सही गहनों को चूज करके वियर करें। इससे आप अच्छी नजर आएंगी। साथ ही, आपका श्रृंगार भी पूरा हो जाएगा। गणगौर का त्योहार राजस्थान की तरफ बनाया जाता है। वहां पर महिलाएं इस त्योहार पर व्रत रखती हैं। साथ ही, श्रृंगार करके पूजा के लिए तैयार होती हैं। इसके लिए वो ट्रेडिशनल कपड़ों को पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी ट्रेडिशनल कपड़ों को स्टाइल करने के बारे में सोच रही हैं, तो इसके साथ आप ज्वेलरी भी ट्रेडिशनल या इससे मिलती-जुलती वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की ज्वेलरी को आप इस बार गणगौर में वियर कर सकती हैं।



### चोकर पर्ल नेकलेस सेट करें वियर

आप अगर गणगौर की पूजा में अच्छा दिखना चाहती हैं, तो ऐसे में आप पर्ल वाला चोकर नेकलेस सेट के साथ मांग टीका, नथ और इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस सेट पहनने के बाद बेहद खूबसूरत लगते हैं। साथ ही, लुक को ट्रेडिशनल तरीके से क्रिएट करते हैं। आपको ट्रेडिशनल डिजाइन से मिलती जुलती ज्वेलरी मार्केट और ऑनलाइन हर जगह मिल जाएगी। जिसे वियर करके आप अपना लुक कंप्लीट कर सकती हैं।

### हैवी डिजाइन ज्वेलरी सेट करें वियर

आप सुंदर दिखने के साथ-साथ ट्रेडिशनल लुक को फॉलो करना चाहती



हैं, तो इसके लिए हैवी डिजाइन वाली ज्वेलरी सेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ज्वेलरी सेट पहनने के बाद अच्छे नजर आते हैं। साथ ही, इससे लुक भी क्रिएटिव लता है। इसमें आपको हैवी महारानी डिजाइन वाला सेट मिलेगा। साथ में पहनने के लिए हैवी डिजाइन के लिए इयररिंग्स जिसे आप घाघरे के साथ पहनकर लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

### मैचिंग ज्वेलरी करें वियर

आप घाघरा लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए मैचिंग ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए ज्वेलरी में वही कलर को चूज करें जो आपके घाघरा में है। साथ ही, हर एक ज्वेलरी सेम डिजाइन की खरीदें। इससे ही आप गणगौर की पूजा में अच्छी नजर आएंगी। साथ ही, आपका लुक परफेक्ट नजर आएगा। मार्केट में ये आपको आसानी से मिल जाएगी। इस बार गणगौर में अच्छा नजर आने के लिए इन ज्वेलरी को वियर करें। इससे आप सुंदर नजर आएंगी।

# गणगौर पर पहनें ये लहंगा-चोली

## पसंद करें सबसे अलग डिजाइन...



**गणगौर** का त्योहार बेहद खास होता है। इस दिन महिलाएं अच्छे कपड़े पहनकर पूजा के लिए तैयार होती हैं। साथ ही, अपने लिए अलग-अलग डिजाइन के घाघरा चोली को वियर करती हैं। लेकिन आग गणगौर में पहनने के लिए घाघरा चोली नहीं बल्कि लहंगा चोली को वियर करें। इससे आप त्योहार पर अच्छी नजर आएंगी। साथ ही, आप इसे दोबारा भी वियर कर पाएंगी। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के लहंगा चोली को वियर कर सकती हैं।

### गोटा वर्क वाला लहंगा

आप गणगौर की पूजा में वियर करने के लिए आप गोटा वर्क वाले लहंगे को वियर कर सकती हैं। इस तरह के लहंगे पहनने के बाद अच्छी नजर आएंगी। इस तरह के लहंगे में आपको हमेशा अलग तरह का डिजाइन ही मिलेगा। साथ ही, इससे आप अच्छी नजर आएंगी। इस तरह के लहंगे में आपको चोली और नीचे के लहंगे में गोटा वर्क मिलेगा। इसके साथ ज्वेलरी ट्रेडिशनल वियर करें। साथ ही, आप मेकअप और हेयर को सिंपल रखें। इससे आप अच्छी नजर आएंगी।



### मल्टी कलर वाला लहंगा

आप पूजा में पहनने के लिए आप मल्टी कलर वाले लहंगे को वियर कर सकती हैं। इस तरह के लहंगे पहनकर आप अच्छी नजर आएंगी।

इसमें आपको लहंगा और चोली सेम डिजाइन का मिलेगा। साथ में ज्वेलरी भी आप मैचिंग वियर कर पाएंगी। इसके साथ मेकअप और हेयर को सिंपल रखें। आप इस तरह के लुक में गणगौर पूजा में अच्छी लगेंगी। इसे आप डिजाइन भी करा सकती हैं। साथ ही, आप इसे रेडिमेड डिजाइन में भी ले सकती हैं।

### प्रिंटेड डिजाइन वाला लहंगा

आप गणगौर की पूजा में पहनने के लिए प्रिंटेड डिजाइन वाले लहंगे को भी वियर कर सकती हैं।

इस तरह के लहंगे में आपका लुक अच्छा नजर आएगा। साथ ही, आप इससे लुक भी सुंदर लगेगा। इसमें आपको ब्लाउज को छोड़कर सारे डिजाइन में प्रिंट पैटर्न मिल जाएगा। इससे ये लहंगा पहनने के बाद अच्छा लगेगा। साथ ही गणगौर पूजा में अच्छी लगेंगी।



## रींगस में भी खाटूश्यामजी की तर्ज पर कटे स्ट्रीट लाइटों के कनेक्शन, आधा शहर अंधेरे में

सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** कस्बे में विद्युत विभाग ने बकाया बिलों की वसूली के तहत कस्बे के कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटों के कनेक्शन विच्छेद कर दिए, जिससे आधा शहर अंधेरे में डूब गया। नगर पालिका पर 1.86 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया होने के कारण विभाग ने यह सख्त कदम उठाया है। शहर कनिष्ठ अभियंता सोमेंद्र चौधरी ने बताया कि गौरव पथ, खाटू मोड़, रामेश्वरम कॉलोनी समेत पांच स्थानों पर स्ट्रीट लाइटों के कनेक्शन काटे गए हैं। इस कार्रवाई से मुख्य मार्गों पर अंधेरा छा गया, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। शहर के मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें बंद होने से राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। रींगस नगर पालिका पर लंबे समय से बिजली बिल बकाया चल रहा है। विभाग द्वारा कई बार नोटिस देने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया, जिसके चलते कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। बिजली कटौती से परेशान नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका और विद्युत विभाग के आपसी विवाद के कारण आम जनता को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने मांग की है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाला जाए ताकि शहर की स्ट्रीट लाइटें पुनः चालू हो सकें। नगर पालिका का पक्ष इस मुद्दे पर नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि बकाया राशि को लेकर समाधान निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही विभाग के साथ बैठक कर इस समस्या का हल निकाला जाएगा।

# दुष्कर्म के झूठे मामले दर्ज करा ठगी वाली महिला गैंग गिरफ्तार

## मंडावर पुलिस ने महज 24 घण्टों में घटना का खुलासा किया



**मंडावर। (राहुल जोशी)** मंडावर पुलिस ने दुष्कर्म की झूठे मामले दर्ज कराने वाली महिलाओं को घटना के महज 24 घंटे में गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। महानिरीक्षक अजयपाल लाम्बा व पुलिस अधीक्षक दौसा सागर राणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा गुरुशरण राव, सीओ महवा रमेश चन्द तिवाड़ी के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी थाना मण्डावर प्रवीण मीणा के नेतृत्व में परिवादी बच्चूसिंह सैनी पुत्र बुद्धाराम जाति माली निवासी गढ़ हिम्मतसिंह थाना मण्डावर के साथ आरोपी महिलाओं द्वारा जबरन बलात्कार के झूठे मुकदमे मे फंसाकर रुपए वसूल करने की घटना को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस टीम ने उक्त अपराध में लिप्त महिला मुल्जिमान की सरगर्मी से तलाश कर मंगलवार को महिला अपराधी दमली बाबरिया पत्नी मांगीलाल उर्फ मंगल जाति बाबरिया निवासी बारिया की ढाणी रिद्धी सिद्धी कॉलेज के पास हातोज जयपुर हाल निवासी टावर के पीछे पोलीधूप पुलिस बाना सदर अलवर जिला अलवर, मननरी उर्फ सीमा बाबरिया पत्नी मोहनलाल जाति बाबरिया निवासी कच्ची बस्ती जयसिंह पुरा बास पुलिस थाना सांगानेर हाल निवासी टावर के पीछे घोलीधूप पुलिस थाना सदर अलवर जिला अलवर, आरती उर्फ पूजा निवासी पंचवटी कॉलोनी गणपति विहार सोडाला जयपुर हाल निवासी टावर के पीछे घोलीधूप पुलिस थाना सदर अलवर जिला अलवर को गिरफ्तार कर सफलता अर्जित की है। थाना अधिकारी प्रवीण मीणा ने बताया कि बच्चूसिंह सैनी ने मामला दर्ज कराया था कि 15 मार्च को खेत पर गेहूं की कटाई कर रहा था। तभी तीन अनजान औरतें खेत पर आयी और उनमें से एक औरत ने अपना नाम आरती उर्फ पूजा पत्नी विनोद जाति जॉगिड़ निवासी थोडीधूप लालदास का मन्दिर जटान रेलवे फाटक अलवर शहर जिला अलवर होना बताया तथा मुझे कहा कि हरिओम बैरवा फूफा लगता है, जो गढ़ हिम्मतसिंह का ही रहने बाला है। महिलाएं उसके घर चली गई। जहां जबरदस्ती नाटक करने लगी तथा पचास हजार रुपये मांगने लगी और कहा कि बलात्कार के झूठे मुकदमे में फसा देंगे।

# नगरपालिका द्वारा 15 लाख रुपए देने के बाद जोड़ा बिजली कनेक्शन

## नगरपालिका ने भी बिजली बोर्ड को 3.17 करोड़ का थमाया नोटिस, नगरपालिका व बिजली बोर्ड आमने-सामने

सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** नगरपालिका का बिजली का बिल बकाया होने के कारण एवीवीएनएल द्वारा बिजली का कनेक्शन काट देने से नगरपालिका कार्यालय,स्ट्रीट लाइट, हाइमास्क लाइट बंद होने से बीते दिन से कस्बा अंधेरे में रहा। नगरपालिका ने भी पलटवार की कार्रवाई की और विद्युत विभाग नगरीय विकास कर सहित विभिन्न मद के नोटिस जारी कर दिए। ऐसे में दोनों विभाग आमने-सामने हो गए। इसके बाद उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर ने नगरपालिका ईओ देवेन्द्र कुमार जिंदल व एवीवीएनएल के सहायक अभियंता राकेश महला को उपखंड कार्यालय बुलाया और दोनों के मध्य समन्वय स्थापित किया। दोनों विभागों में सहमति होने के बाद नगरपालिका ने 15 लाख रुपए का चैक बिजली बिल भुगतान बाबत बिजली बोर्ड को दिया गया। जिसके बाद नगरपालिका कार्यालय का कनेक्शन जोड़ा गया। ईओ देवेन्द्र कुमार जिंदल ने बताया कि 15 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है और कुछ भुगतान 31 मार्च तक और किया जाएगा। इसके साथ ही नगरपालिका द्वारा बिजली विभाग के यूआईटी टेक्स इत्यादि का नोटिस दिया गया है। जिनको बिजली बिल में समायोजित करवाया जाएगा।

**नगरपालिका ने करवाया नाप -चौकः** बिजली बोर्ड द्वारा नगरपालिका का विद्युत कनेक्शनों को काटने के बाद नगरपालिका ने भी सख्ती दिखाते हुए एवीवीएनएल कार्यालय का नाप चौक करवाने के लिए टीम का गठन किया और जेईएन संदीप चौधरी के नेतृत्व में टीम ने नाप-चौक किया। ईओ ने बताया कि नगरपालिका ने नाप चौक करवाया है और अवैध कब्जा होने पर नगरपालिका सख्ती से कार्रवाई करेगी।

**नगरपालिका ने भेजा एवीवीएनएल को नोटिसः** नगरपालिका ने विद्युत कनेक्शनों के काटने के बाद पलटवार करते हुए बिजली बोर्ड को दो नोटिस भेजे हैं। नगरपालिका ने एवीवीएनएल के सहायक अभियंता को नगरपालिका की भूमि पर अधिग्रहण एवं नगरीय विकास कर राशि जमा कराने बाबत नोटिस जारी किया है।जिसमे पालिका क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से लगाएं गये ट्रांसफार्मर, लोहे के पोल व सीमेंट के पोल के दो करोड़ बानवे लाख लाख इकरानवे हजार दस रूपए तथा बिजली ग्रेड, पीडब्ल्यूडी मोड़ व सीतारामपुरा जोहड़ी स्थित बिजली बोर्ड की सम्पत्ति का नगरीय विकास कर पच्चीस लाख सेंतालीस हजार दो सौ अठानवे रूपये का नोटिस भेजा है। नगरपालिका क्षेत्र में विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर का भुगतान मांगा गया है।नपा ने तीन दिन में राशि जमा नहीं कराने पर जब्त व सीज की कार्रवाई करने को कहा है।


**सांध्य ज्योति दर्पण के संस्करण कार्यालय**

**अलवर कार्यालय**
केडलगंज, अलवर,
संपादक सीपी सैनी
फोन : 2335105,

**नागौर कार्यालय**
राजकीय अस्पताल के सामने, नागौर
सम्पादक : रमेश जैन,
फोन : 240071,
फैक्स- 01582-240071

**भरतपुर कार्यालय**
कोतवाली रोड, भरतपुर
संपादक : जगदीश अग्रवाल,
फोन : 223780

**सूचना**

जयपुर के आसपास के क्षेत्र में समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए एजेंट/ एजेंसी संपर्क करें।
**पदमाकर शर्मा**
**मो.** 9462779250, 8875007955

आपके क्षेत्र की समस्या या कोई घटना जिससे जनता प्रभावित हो रही हो ऐसे समाचार आप छपवाना चाहते हैं तो निम्न पते पर भिजवायें या फैक्स, ईमेल करें।
**सम्पादकीय शाखा**
दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण
डी.एल.टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम, संस्थानिक क्षेत्र,
जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
फोन: 2709102/03,
फैक्स: 2709275
**ईमेल:** sjdjp01@yahoo.co.in
Jyoti.sandhya@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

*आप अपने क्षेत्र के समाचार / विज्ञापन के लिए हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि से सम्पर्क करें :*

**जयपुर**
**अमित पारीक**
10/75, चित्रकूट,
वैशाली नगर, जयपुर
मो.- 9829055693

**उदयपुर**
**कलाधर शर्मा**
मो. : 9983826983

**दौसा**
**द्वारका प्रसाद विजय**
मो.: 9414819681

**कोटा**
**योगेन्द्र योगी**
मो. : 9887292174

**चौमूं**
**मनीष यादव**
मो. : 9667902742,
7014880612

**रींगस/ खाटूश्यामजी**
**विद्याधर शर्मा**
मो. : 9413072455

**कोटपुतली**
**मयंक शर्मा**
मो. : 9352106400

**लक्ष्मणगढ़**
**पूनम विशाल**
मो. : 9351274354

**मण्डावर (दौसा)**
**राहुल जोशी**
मो. : 8561935868

**चाकसू**
**रूपनारायण सांवरिया**
मो. : 6376888905

**धौलपुर**
**वेदप्रकाश त्यागी**
मो. : 9351845611


## प्रदेशाध्यक्ष से मिलकर संगठन का फीडबैक दिया



सांध्य ज्योति न्यूज

**चाकसू।** पूर्व चेयरमेन कृषि उपज मंडी चाकसू हरिनारायण चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने चाकसू विधान सभा क्षेत्र में पार्टी की स्थिति एवं कार्यकर्ताओं के सुख दुख की जानकारी पूर्व मंडी चेयरमैन हरिनारायण चौधरी से ली। गौरतलब है के हरिनारायण चौधरी प्रदेश कमेटी के सदस्य है। प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात के पश्चात चाकसू क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष चाकसू के पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी के निज आवास पर पहुंचे और संगठन पर चर्चा कर पार्टी हित में निरंतर कार्य करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार की विफलताओं को आम जनता तक पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर चाकसू, कोटखावदा एवं माधोराजपुरा श्रेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उज्जवल करियर एकेडमी का शानदार प्रदर्शन नवोदय प्रवेश परीक्षा में 17 बच्चों का चयन



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** कस्बे के मील तिराहा पर स्थित शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए उज्ज्वल करियर एकेडमी ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में इस प्रतिष्ठित संस्थान के 17 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर अपना और संस्थान का नाम रोशन किया। संस्थान के निदेशक सागर मल ऐचरा व संचालक शंकर लाल सामोता के नेतृत्व में चयनित विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।संस्थान के निदेशक सागर मल ऐचरा ने कहा यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और हमारी टीम के समर्पण का परिणाम है। उज्ज्वल करियर एकेडमी भविष्य में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रयासरत रहेगी। इस उपलब्धि से संस्थान और स्थानीय शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान के मार्गदर्शन और अपने सतत परिश्रम को दिया।

## खाटू धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, एकादशी पर लगा भक्तों का तांता



सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** कस्बे में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। कृष्ण पक्ष की एकादशी के पावन अवसर पर देशभर से आए भक्तों ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगी रहीं और बाबा श्याम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन और श्री श्याम मंदिर कमेटी के सुरक्षा गार्ड्स पूरी तरह मुस्तैद रहे। मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए थे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर बाबा श्याम का विशेष मनमोहक श्रृंगार किया गया जिसे देखकर भक्त भावविभोर हो गए।

## मोदी यूनिवर्सिटी में योगास्यूटिकल्स पर संगोष्ठी आयोजित



सांध्य ज्योति न्यूज

**लक्ष्मणगढ़।** नेशनल हाईवे पर स्थित मोदी यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में योगास्यूटिकल्स 2025 योगिक विज्ञान और फार्मास्यूटिकल साइंस का समागम ङ्क संपूर्ण स्वास्थ्य की ओर एक समग्र दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने योगिक विज्ञान और आधुनिक औषधीय अनुसंधान के समन्वय पर गहन चर्चा के लिए विद्वानों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों को एक मंच प्रदान किया। यह संगोष्ठी मोदी यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ फार्मेसी और सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज, स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई और इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंसेज, बेंगलुरु द्वारा प्रायोजित थी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. संजीव शर्मा (कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर) ने आयुर्वेद और योग के वैज्ञानिक प्रमाणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनका समावेश रोग प्रबंधन में प्रभावी परिणाम दे सकता है। डॉ. नित्यानंद शर्मा (प्राचार्य, राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय, कोटा) ने बताया कि प्राणायाम और ध्यान जैसी योग विधियां औषधीय प्रभाव को बढ़ाने में सहायक होती हैं। प्रो. संजीब पात्रा (केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान) ने योग के प्रतिरक्षा प्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव की व्याख्या की। डॉ. पूरन चंद्र भागेल (निदेशक, शिवानंद योग केंद्र, नई दिल्ली) ने योग के दीर्घकालिक रोगों में चिकित्सीय महत्व को रेखांकित किया, जबकि डॉ. ऋचा दत्ता (संस्थापक, ऑस्टियोपैथी ट्रीट एंड वेगस वेलनेस थेरेपी) ने योग के माध्यम से वेगस तंत्रिका उत्तेजना और समग्र चिकित्सा की भूमिका पर चर्चा की। संगोष्ठी के दौरान चार तकनीकी सत्रों में योगिक विज्ञान के चयापचयी क्रियाओं, हर्बल औषधियों और दर्द प्रबंधन पर प्रभावों पर विचार-विमर्श हुआ। पोस्टर और मौखिक प्रस्तुतियों के माध्यम से योगास्यूटिकल्स, तनाव प्रबंधन और हर्बल चिकित्सा पर नवीन शोध प्रस्तुत किए गए। यह कार्यक्रम मोदी यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. अशुतोष भारद्वाज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. दीनानाथ झाड़े (डीन, स्कूल ऑफ फार्मेसी), सह-संयोजक डॉ. राजीव मिश्रा (प्रभारी, सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज, स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज) और मैनेजमेंट काउंसिल के अध्यक्ष प्रो. जितेंद्र बिनवाल ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रीको औद्योगिक क्षेत्र फैक्ट्री में चोरी, चोर वायर फिटिंग उखाड़ ले गए

सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** स्थानीय थाना अंतर्गत रीको औद्योगिक क्षेत्र परसरामपुरा में स्थित गुप्ता केमिकल्स फैक्ट्री में चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने दीवार फांदकर फैक्ट्री में प्रवेश किया और हजारों रुपये की कॉपर वायर फिटिंग उखाड़कर ले गए। मैनेजर एचएल चौधरी और शंकर लाल ने चोरी की रिपोर्ट पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि चोरों ने बड़ी ही चालाकी से फैक्ट्री में घुसकर वायरिंग को काटा और कॉपर वायर लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क पर व्यर्थ बह रहा पानी, प्रशासन बेखबर



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** नगर के मठ मंदिर के सामने भैंरुजी महाराज रोड पर पानी का अत्यधिक बहाव हो रहा है जिससे न केवल पानी की बर्बादी हो रही है, बल्कि सड़क पर जलभराव के कारण राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर विकास परिषद् के अध्यक्ष रामवतार कुमावत ने इस समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में पहले से ही पानी की भारी कमी है। ऐसे में इस तरह पानी का व्यर्थ बहना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पानी की आपूर्ति सुचारू करने के बजाय जल संसाधन विभाग की अनदेखी के कारण बहुमूल्य पानी व्यर्थ बह रहा है। नागरिकों ने जलदाय विभाग के कर्मचारियों से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है ताकि पानी की बर्बादी को रोका जा सके और लोगों को पेयजल संकट से राहत मिल सके। अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगर विकास परिषद् और स्थानीय नागरिक मिलकर प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाने को मजबूर होंगे।

## पत्रकारों की लम्बित मांगों को लेकर आईएफडब्ल्यूजे ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन



सांध्य ज्योति न्यूज

**गंगापुर सिटी/बाड़मेर।** मंगलवार को संगठन की बाड़मेर जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष दुर्ग सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजन लाल एवं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को पत्रकारों की लम्बित मांगों को लेकर आई एफ डब्ल्यू जे संगठन का 13 सुत्रीय मांग पत्र तथा अप्रैल माह में प्रस्तावित जोधपुर संभाग स्तरीय पत्रकार सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए निमंत्रण भी सौंपा गया। दोनों ने ही उपस्थित साथियों को सकारात्मक रुख दर्शाते हुए आश्वस्त किया कि वह पत्रकारों की मांगों को लेकर गंभीर है और शीघ्र क्रियान्वयन की पहल करेंगे।

## 16 दिवसीय गणगौर पूजा महोत्सव का आयोजन



सांध्य ज्योति न्यूज

**गंगापुर सिटी।** सिंधी कॉलोनी स्थित दीक्षित भवन में 16 दिवसीय गणगौर पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन ईश्वर गौरव पूजन के साथ ही ढोल-नगाड़ों व महिलाओं के नृत्य व मंगल गीतों के साथ गणगौर माता की शोभायात्रा निकाली जा रही है, जिसके तहत पिंकी दीक्षित ने बताया कि गणगौर पूजन में दीक्षा, मनीषा, भावना, रीना, साक्षी, गुड्डन, कुसुम, सुषमा, सुमन, रिंकू, अनीता, अंगूरी देवी आदि महिलाएं भाग ले रही हैं।

## रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन कोटा ने राजस्थान विधानसभा का किया दौरा





सांध्य ज्योति न्यूज

**जयपुर/कोटा।** रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने राजस्थान विधानसभा का दौरा किया एवं विधानसभा की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस अवसर पर, एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश जैन ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण अनुभव था और इससे हमें विधायिका की कार्यवाही के बारे में जानने का मौका मिला।

कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस दौरान, सदस्यों ने विधानसभा की कार्यवाही को ध्यान से देखा और विधायकों के साथ बातचीत की। उन्होंने विधायिका की कार्यवाही में अपनी रुचि दिखाई और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर, प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी से मुलाकात की और उनके साथ चर्चा की।

संगठन के सलाहकार परमानंद गोयल द्वारा लिखित पुस्तक कोटा टूरिज्म की प्रति भेंट। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के महामंत्री आर.के.जैन, संरक्षक अजय सोरल, उपाध्यक्ष बी.के. शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश विजय, सलाहकार परमानंद गोयल, महावीर जैन, रवि गुप्ता, धीरेंद्र जैन आर.एस. राणा, के.पी. गोरवाल, लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित थे। रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा का आभार प्रकट किया।

## रोटरी क्लब की पुरुष एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित



सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की ओर से मंगलवार को चौधरी नाथूराम भामूं रोटरी भवन में पुरुष एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की गवर्नर जयपुर से डॉ. राखी गुप्ता अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। क्लब सचिव शांति लाल सोनी ने बताया किप्रतिभागियों ने किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, मुकेश, येशु दास, नितिन मुकेश व अन्य प्रसिद्ध गायकों के गाये गाने 'आंख है भरी-भरी, बस यही अपराध, तुम दिल की धड़कन हो, हर कर्म अपना करेंगे, ए मेरे दिल के चैन जैसे सुपरहिट गानों पर अपनी प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। प्रतियोगिता में दो ग्रुप-पहला 18 वर्ष आयु तक तथा दूसरा 18 वर्ष से ऊपर की आयु का बनाया गया था। जिसमें ग्रुप अ में अमित सैनी विनर तथा रोहित कटारिया रनर अप रहे। ग्रुप-ब में विजय शर्मा विनर, मनीष कसेरा रनर अप व गौतम कुमार बिंवाल सैकंड रनर अप रहे। प्रतियोगिता का निर्णय तीन जजों पवन कुमार शर्मा, दयाराम सैनी व शांतिलाल सोनी द्वारा किया गया। गायन प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में विजेताओं, उप-विजेताओ को क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 18 से 20 मार्च को क्लब द्वारा कराई गई तीन दिवसीय निशुल्क रोटरी बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेताओं, उप-विजेताओं व सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब रींगस से डॉ अजय सक्सेना, डॉ. भंवर सिंह ताखर, सहप्रान्तपाल दिलीप सिंह शेखावत, पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ माधव सिंह, गिरिराज कयाल, राजेन्द्र प्रसाद कसेरा, सुरेश कुमार चोटिया, संतोष सोनी मौजूद रहे।



*उत्तरी त्रिपुरा जिले के धर्मनगर इलाके में 'डोल' उत्सव जुलूस, जिसे 'डोलो जात्रा' भी कहा जाता है निकाला गया। इस दौरान बच्चे नृत्य करते हुए।*

# बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस संगठन को नई धार देने की कोशिश

## राहुल-खड़गे के नेतृत्व में दिल्ली में हुई बड़ी बैठक

**पटना, 26 मार्च (एजेंसी)।** बिहार में चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। पार्टी के शीर्ष नेताओं ने मंगलवार को बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया और चुनाव से पहले पार्टी के रोडमैप पर मंथन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी, बिहार कांग्रेस प्रमुख राजेश कुमार और उनके पूर्ववर्ती अखिलेश प्रसाद सिंह, एआईसीसी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल, वरिष्ठ नेता मीरा कुमार, तारिक अनवर शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान विचारों का खुलकर आदान-प्रदान हुआ, क्योंकि राज्य के नेताओं ने नेतृत्व को जमीनी हालात से अवगत कराया और उन क्षेत्रों की ओर इशारा किया, जहां चुनावों से पहले मजबूती की जरूरत है। यह बैठक दलित नेता राजेश कुमार को पार्टी की राज्य इकाई का नया अध्यक्ष बनाए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा से दूसरी बार विधायक चुने गए 56 वर्षीय खड़गे ने राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह की जगह ली है। राजेश कुमार से मुलाकात के बाद खड़गे ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा था, बिहार बदलाव के लिए तरस रहा है। बिहार के युवा रोजगार चाहते हैं, बिहार के लोग वास्तविक सामाजिक न्याय की उम्मीद में इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ बिहार सहयोगी राजद के करीबी माने जाने वाले उच्च जाति के नेता सिंह की जगह राजेश कुमार को अध्यक्ष बनाया जाना इस पुरानी पार्टी की ओर से एक रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है, जो गांधी के 'संविधान बचाओ' और राष्ट्रव्यापी जाति सर्वेक्षण की मांग के दोहरे नारे का उपयोग करते हुए समाज के वंचित वर्गों तक आक्रामक तरीके से पहुंचने की कोशिश कर रही है।



## कोटा में नीट के अभ्यर्थी फंदे पर लटका मिला

**कोटा, 26 मार्च।** कोटा के जवाहर नगर इलाके में मंगलवार को 17 वर्षीय मेडिकल छात्र ने अपने छात्रावास के कमरे में लोहे की छड़ से लटक कर कथित तौर पर फांसी लगा ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जनवरी से अब तक कोटा में कोचिंग छात्रों द्वारा संदिग्ध आत्महत्या का यह नौवां मामला है। पुलिस ने बताया कि बिहार के नालंदा जिला निवासी हर्षराज शंकर पिछले साल अप्रैल से यहां एक कोचिंग संस्थान में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। जवाहर नगर के थाना प्रभारी रामलक्ष्मण ने बताया कि छात्रावास के 'केयरटेकर' ने दोपहर को सूचित किया कि लड़के ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया है और कोई प्रतिक्रिया नहीं कर रहा है, सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि टीम ने कमरे का दरवाजा तोड़ा और लड़के को लोहे की छड़ से लटका हुआ पाया।

# भाजपा का मिशन साउथ : बीजेपी-एआईएडीएमके के बीच समझौते को लेकर पहली बैठक जल्द

## *दिल्ली में अमित शाह और पलानीस्वामी की होगी मुलाकात*

**नई दिल्ली, 26 मार्च (एजेंसी)।** एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी दिल्ली में हैं और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने वाले हैं। 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु की राजनीति में एक निर्णायक क्षण हो सकता है।

सूत्रों ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच बैठक से पलानीस्वामी की एनडीए में वापसी हो सकती है। एक ऐसा गठबंधन जिसका एआईएडीएमके महासचिव विरोध कर रहे हैं। पलानीस्वामी की यात्रा से पहले एआईएडीएमके और भाजपा नेताओं के बीच हफ्तों तक चर्चा हुई थी, जिसमें तमिलनाडु की पार्टी भाजपा के साथ फिर से जुड़ने से सावधान थी। एक उत्तर-केंद्रित पार्टी जिसे एआईएडीएमके की मुख्य प्रतिद्वंद्वी डीएमके एक प्रमुख केंद्र के लक्षण के रूप में पेश कर रही है। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि राजनीतिक अस्तित्व की मजबूरियों और दिल्ली से दबाव के कारण पलानीस्वामी ने अपना मन बदल लिया है।



दक्षिणी तमिलनाडु के एक एआईएडीएमके नेता, जिन्हें पलानीस्वामी के करीबी माना जाता है, ने कहा कि पार्टी दूसरी भूमिका निभाने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा कि अगर वे (भाजपा) हमारी चिंताओं को सुनते हैं और सहमत होते हैं तो अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन संभव है। एआईएडीएमके ने पहली बार 2016 में सुप्रीमो जे जयललिता के निधन और पार्टी के विभाजन के बाद अपने सबसे बुरे दौर में भाजपा के साथ गठबंधन किया था। उस समय एआईएडीएमके सरकार द्वारा लिए गए कई फैसलों को भाजपा से प्रभावित माना गया था। तमिलनाडु में 2019 के लोकसभा और 2021 के विधानसभा चुनावों में डीएमके की जीत के बाद, पलानीस्वामी ने भाजपा से दूरी बना ली थी और आखिरकार सितंबर 2023 में अलग हो गए। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनावों में डीएमके के जोरदार प्रदर्शन, उपचुनावों और निकाय चुनावों में जीत के साथ-साथ दक्षिण में भाजपा विरोधी विपक्ष के चेहरे के रूप में इसके प्रमुख एम के स्टालिन के उभरने के बाद, पलानीस्वामी के विकल्प कम होते जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि एआईएडीएमके ने जो शर्तें रखी हैं, उनमें भाजपा के साथ लेन-देन की निगरानी के लिए एक उच्चस्तरीय संचालन समिति का गठन शामिल है।

## पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त



**नई दिल्ली, 26 मार्च (एजेंसी)।** पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को मंगलवार को नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। झारखंड कैडर के 1982 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी गौबा 2019 से अगस्त 2024 तक पांच साल तक देश के शीर्ष नौकरशाह रहे। अधिसूचना में कहा गया है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजीव गौबा को नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक, उन्हीं नियमों और शर्तों पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है, जो नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्यों पर लागू हैं। गौबा केंद्रीय गृह सचिव, शहरी विकास मंत्रालय में सचिव और झारखंड के मुख्य सचिव के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

## वाराणसी में गंगा घाटों पर आयोजन के लिए अनुमति लेने के साथ ही शुल्क देना भी अनिवार्य होगा



**वाराणसी, 26 मार्च (एजेंसी)।** वाराणसी में गंगा घाटों पर किसी भी तरह के आयोजन के लिए अब अनुमति लेने के साथ ही शुल्क देना भी अनिवार्य होगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार इसके लिए अब 880 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर से शुल्क देना होगा। हालांकि, गंगा आरती पर यह नियम लागू नहीं होगा। अनुमति के लिए स्मार्ट काशी ऐप पर आवेदन करना होगा। वाराणसी नगर निगम के जनसमपर्क अधिकारी (पीआरओ) संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तक घाटों पर कार्यक्रम करने के लिए आयोजकों को नगर निगम के कार्यालय में जा कर अनुमति लेनी होती थी, जिसका कोई शुल्क नहीं लगता था। उन्होंने बताया कि अब काशी के गंगा घाटों पर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के लिए नगर निगम से अनुमति लेना होगा, परन्तु इसके लिए अब आयोजनकर्ताओं को नगर निगम के कार्यालय आने की कोई जरूरत नहीं होगी। श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजनकर्ता को अब स्मार्ट काशी एप पर अनुमति के लिए आवेदन करना होगा।

# कल खुलेगा एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन

## देशभर से लाखों पर्यटकों के आने की उम्मीद

**श्रीनगर, 26 मार्च (एजेंसी)।** श्रीनगर का इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन कल जनता के लिए खुलने को तैयार है। ट्यूलिप गार्डन के प्रभारी और फ्लोरीकल्चर अधिकारी जावेद मसूद ने कहा कि यहां 17 लाख ट्यूलिप प्रदर्शित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कल गार्डन को आम लोगों के लिए खोलने की सहमति दे दी है। अंतिम तैयारियां चल रही हैं। पिछले साल हमारे यहां 4.5 लाख पर्यटक आए थे। हमें उम्मीद है कि इस साल हम पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। हमने फूलों और रंगों की नई किस्मों के साथ प्रयोग किया है।

जावेद मसूद ने कहा कि इस गार्डन ने जम्मू-कश्मीर में कई पर्यटकों को आकर्षित किया है और स्थानीय अर्थव्यवस्था में मदद की है। इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन के माली मोहम्मद अब्बास ने कहा कि ट्यूलिप गार्डन आम जनता के लिए खोलने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस साल हमें 5.5 लाख से ज़्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इस साल फूलों की शानदार प्रदर्शनी होगी। हमने ट्यूलिप की दो और किस्में जोड़ी हैं। हर साल, एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन एक जीवंत कैनवास बन जाता है, जो दुनिया भर से आगंतुकों को आकर्षित करता है। इस साल यह और भी अधिक लुभावना होने का वादा करता है, जिसमें 1.7 मिलियन ट्यूलिप प्रदर्शित किए गए हैं - जिसमें नीदरलैंड से विशेष रूप से आयातित दो नई किस्में शामिल हैं। 2007 में अपने उद्घाटन के बाद से, यह त्यौहार कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति का एक प्रतिष्ठित प्रतीक बन गया है। ज़बरवान रेंज की तलहटी में बसा, बगीचे के सात सीढ़ीदार परिदृश्य और बहते पानी के चैनल एक शांत वातावरण बनाते हैं जो आपको विस्मय में डाल देगा।



### भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं

## झूठी बातों का खंडन किया जाना चाहिए : रीजीजू

**नई दिल्ली, 26 मार्च (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने मंगलवार को कहा कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं और इसके विपरीत झूठी बातों का खंडन किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अल्पसंख्यक समुदाय राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभाते रहेंगे। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा आयोजित राज्य अल्पसंख्यक आयोगों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए रीजीजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का आह्वान किया है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने कहा, 'इस प्रयास में अल्पसंख्यक समुदायों का योगदान महत्वपूर्ण होना चाहिए। अल्पसंख्यक समुदायों ने पहले भी राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान दिया है और आगे भी देते रहेंगे।' उन्होंने कहा कि हाल में सऊदी अरब (हज सम्मेलन के लिए) की यात्रा के दौरान लगभग 80 देशों के मंत्री मौजूद थे और इंडोनेशिया के एक मंत्री ने कहा कि उनके देश में सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी है। रीजीजू ने कहा, 'मैंने कहा कि जब जनगणना की जाएगी तो संभवतः भारत में मुसलमानों की आबादी इंडोनेशिया से अधिक हो सकती है। लेकिन हमारे पास सटीक संख्या नहीं है।' उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के कारण 2021 की जनगणना नहीं कराई जा सकी। उन्होंने कहा कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं और देश संविधान से चलता है।

# 'एक देश एक चुनाव' विधेयक संविधान के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन नहीं करते : अटॉर्नी जनरल

**नई दिल्ली, 26 मार्च (एजेंसी)।** अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने मंगलवार को एक संसदीय समिति से कहा कि एक साथ चुनाव कराने से जुड़े विधेयक संविधान के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन नहीं करते और कानून की दृष्टि से सही हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि संसद की संयुक्त समिति के समक्ष पेश हुए कुछ कानूनी विशेषज्ञों ने संविधान संशोधन विधेयक के कुछ पहलुओं पर विभिन्न सदस्यों की चिंताओं को साझा किया। वहीं वेंकटरमणी ने जोर दिया कि प्रस्तावित कानूनों में किसी संशोधन की आवश्यकता नहीं है।

विपक्षी दलों ने इन विधेयकों को संविधान का उल्लंघन बताया है। हालांकि, दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल, जो अभी दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष हैं, ने अपनी प्रस्तुति में 'एक राष्ट्र एक चुनाव'' प्रस्ताव के सकारात्मक पहलुओं के साथ-साथ चुनौतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अवधारणा राष्ट्र के लिए अच्छी है और किसी भी प्रस्तावित कानून में हमेशा सुधार किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि जब पटेल ने एक साथ चुनाव कराने की वैश्विक प्रथा को उद्धृत किया तो कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सवाल किया कि क्या स्वीडन और बेल्जियम जैसे देशों की तुलना भारत जैसे देश से की जा सकती है, प्रियंका ने यह भी कहा कि एक साथ चुनाव कराने के लाभ के बारे में सभी दावे ज्यादातर अनुमान हैं, क्योंकि कोई अध्ययन नहीं किया गया है। सूत्रों ने कहा कि वेंकटरमणी ने सदस्यों से कहा कि वह भारत के अटॉर्नी जनरल हैं, न कि सरकार के। उन्होंने यह टिप्पणी संभवतः इस धारणा को दूर करने के लिए की कि वह इस मामले में सरकार की राय का समर्थन करेंगे। समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद पी पी चौधरी ने संवाददाताओं से कहा कि एक साथ चुनाव कराना देश के हित में है, और समिति इसे लागू करने के सर्वोत्तम तरीकों पर विचार-विमर्श कर रही है।




द्वितीय पुण्यतिथि



श्रीमती सुनीता जैन
(धर्मपत्नी श्री सुनील जैन 'छतरीवाले')
(पुत्रवधु श्रीमति एवं श्री प्रेम चंद जैन, महावीर HAT वाले)
स्वर्गवास 26.03.2023 को हो गया है।

सभी परिवारजन आपको द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं

सुनील जैन (पति)
सुमित जैन - सैबी जैन (पुत्र- पुत्रवधु)
(पुत्री - दामाद)
सुरभि जैन - अकलंक जैन
सुभव्या जैन - किशोर सुग्गु
मयूख जैन (पौत्र)
अर्हम जैन (धेवता)
व्यूश सुग्गु जैन (धेवता)

(जेठ- जेठानी)
नीलम जैन (पत्नी स्व.सतिन्दर जैन)
सुधीर कुमार जैन - स्व. निशा जैन
राकेश जैन - संगीता जैन (देवर -देवरानी)
(ननद्- नन्दोई)
त्रिशला जैन - हरीश चन्द्र जैन
मधु जैन - विश्व मोहन जैन
साधना जैन - राकेश जैन

ARIHANT INDUSTRIES | PARAS INDUSTRIES
A-2, Tronica City Indl. Area, Loni, Ghaziabad (U.P.)
निवास : C-3/3, अशोक विहार, फेज-2, दिल्ली-52.


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी. एल. टॉवर 3-ए- विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित, संपादक महेंद्र कुमार यादव, फोन : 0141-2709102, 2944103,
डाक पं.सं. / जेपीसी/012/2024-26 | आरएनआई नंबर-: 48401/88 Email- sjdjp01@yahoo.co.in, Jyoti.sandhya@gmail.com